
श्रावण, पक्ष - कृष्ण, तिथि - अमावस्या, संवत 2080 जयपुर, बुधवार वर्ष-9, अंक-25, 16 अगस्त - 22 अगस्त, 2023 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- पृष्ठ : 8+4



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

77 वर्ष, बलिदान और शौर्य के...

# जागरूक जनता

jagrukjanta.net

देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

## ऐसा होगा भारतवर्ष

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**भारत** ने एक आजाद देश के रूप में अपने 76 साल पूरे कर लिए। इस मौके पर अगर देश की अब तक की उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं का जायजा लेना हो तो उसका एक अच्छा तरीका यह हो सकता है कि दूसरों की नजर से खुद को देखा जाए। यानी दुनिया के अन्य देश और अंतरराष्ट्रीय संस्थान हमें किस रूप में देखते हैं, अगले कुछ वर्षों में उनकी हमसे क्या अपेक्षा है। मार्के की बात है कि आज अंतरराष्ट्रीय हलकों में इस बात पर लगभग सर्वसम्मति है कि डगमगाई हुई ग्लोबल इकॉनमी में भारत एक ब्राइट स्पॉट बना हुआ है। भारत का ग्रोथ इंजन आज पूरी दुनिया के लिए उम्मीद का आधार है। यह कोरोना और फिर यूक्रेन युद्ध से उपजे तात्कालिक हालात के कारण कुछ समय के लिए बना परिदृश्य नहीं है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगले कई वर्षों तक इंडियन इकॉनमी की गाड़ी काफी तेजी से आगे बढ़ सकती है। पिछले करीब दस वर्षों की बात करें तो भारत 11वें नंबर की इकॉनमी से पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था तो बन ही चुका है। आगे इसकी रफ्तार और तेज होगी। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि साल 2030 तक भारत की नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ 10 फीसदी सालाना रहेगी। इससे वित्त वर्ष 2030 तक भारत की प्रति व्यक्ति सालाना आय 4000 डॉलर हो जाएगी। दूसरे शब्दों में भारत मिडल इनकम देश की कैटिगरी में आ जाएगा। कई दूसरे विश्लेषण भी इस तरह के आंकलन की पुष्टि करते हैं। उदाहरण के तौर पर यह बात भी कही जा रही है कि इस दशक के अंत तक यानी साल 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। यानी तब अमेरिका और चीन ही भारत से आगे होंगे। देश की इस तरह की पॉजिटिव तस्वीर के पीछे डिजिटल इंडिया, जनधन खाता और आधार जैसी नीतियां रही हैं। मगर इसका मतलब यह मान लेना ठीक नहीं होगा कि हमारे रास्ते में चुनौतियां नहीं हैं। अगले कुछ वर्षों का जो सुखद लक्ष्य दिख रहा है, वहां तक पहुंचना आसान नहीं है। सबसे बड़ी बात यह कि लेबर फोर्स में कामकाजी लोगों की भागीदारी लगातार घट रही है। वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2000 में जो LFPR (लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट) 60 फीसदी था, वह घटकर 53 फीसदी के आसपास आ गया है। लेबर फोर्स के स्किल का सवाल भी अहम है। देश में बालिग कामकाजी लोग 6.7 साल की औसत स्कूलिंग वाले हैं। जाहिर है शिक्षा और रोजगार दोनों मोर्चों पर काफी काम करने की जरूरत है। लेकिन सबसे अहम है देश के अंदर का माहौल। मणिपुर के हालात तो असुविधाजनक सवाल पैदा करते ही हैं, देश में हेटस्पीच के बढ़ते मामले और समाज में दिख रहा तीखा ध्रुवीकरण इन तमाम उम्मीदों पर पानी फेर सकता है। याद रखना होगा कि पूंजी वही आती है, जहां अमन-चैन हो और इसी निवेश की बदौलत देश तेजी से तरक्की की राह पर आगे बढ़ता है।

*देशवासियों को स्वाधीनता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ*

### जयपुर से लॉन्च हुई फ्री फूड पैकेट योजना

# सोशल सिक्योरिटी देना सरकारों की ड्यूटी-गहलोत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री फ्री अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना शुरू हो गई। सीएम अशोक गहलोत ने जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में इस योजना को लॉन्च किया। सभी जिला-ब्लॉक मुख्यालयों और राशन की 25 हजार दुकानों पर इसकी शुरुआत की गई है। समारोह में पात्र लोगों को फ्री फूड पैकेट बांटे गए।

कार्यक्रम में सीएम अशोक गहलोत ने कहा- लोकतंत्र में सोशल सिक्योरिटी देने और लोगों के भले की स्कीम चलाना सरकारों की ड्यूटी है। हम सोशल सिक्योरिटी की स्कीम्स देकर अहसान नहीं कर रहे, यह ड्यूटी है। 1 करोड़ 93 लाख परिवारों में से 1 करोड़ 80 लाख परिवारों ने महंगाई राहत कैंपों में रजिस्ट्रेशन करवाकर गारंटी कार्ड लिए हैं। दूसरे फेज में एक करोड़ महिलाओं को स्मार्टफोन दिए जाएंगे। मोदी जी ने उज्जवला योजना शुरू की। पूरे देश में फोटो लगाकर जगह-जगह प्रचार किया। राजस्थान एकमात्र राज्य है, जहां 500 रुपए में सिलेंडर दे रहा है। 650 रुपए सिलेंडर की सब्सिडी दे रहे हैं। इसलिए 500 में सिलेंडर मिल रहा है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा- पीएम मोदी और बीजेपी वाले कहते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया? यह नहीं भूलना चाहिए कि देश को लोकतंत्र कांग्रेस ने दिया है। कांग्रेस ने देश को लोकतंत्र देने के साथ उसे बरकरार भी रखा है, इसीलिए मोदी जी पीएम बन पाए हैं।

77वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

15 August स्वतंत्रता दिवस

हमारा जीवन मदद करने के लिए ही है...



प्रदीप शर्मा
भामाशाह एवं वरिष्ठ जनसेवक

तुलसी ग्रुप ऑफ कम्पनीज, जयपुर
स्टील ट्रेडिंग कम्पनी, मणिपुर
अपना घर, भरतपुर - संरक्षक
भारत विकास परिषद, अध्यक्ष, अम्बाबाड़ी (राजस्थान उत्तर पूर्व)

### कृष्ण जन्मभूमि के पास रेलवे के तोड़फोड़ अभियान पर रोक

**नयी दिल्ली @ जागरूक जनता।** उच्चतम न्यायालय ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के पास अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए जा रहे तोड़फोड़ अभियान पर बुधवार को 10 दिनों तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश के साथ ही केंद्र सरकार और रेलवे को नोटिस भी जारी किया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एसवी एनभट्टी की पीठ ने याचिकाकर्ता याकूब शाह और अन्य के अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?

देसी दिल के लिये, दादी वाला देसी तेल...



Natural Immunity Booster
FORTIFIED
100% VEG.
COLD PRESSED
KOSHER

Kabira
Healthy Growth
Yellow Mustard Oil

स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।

- प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
- निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
- निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
- केन्सर को रोकने में लाभदायक ।*
- मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
- एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
- केवल देसी सरसों द्धारा निर्मित ।
- मोटापा घटाने में लाभदायक ।
- बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
- ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
- तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
- अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
- सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
- छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।

Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

| तेल आप उपयोग करें | तेल आप उपयोग ना करें |
|---|---|
| कबीरा पीली सरसों का तेल | [illegible] |
| कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल | [illegible] |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल | [illegible] |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल | [illegible] |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल | [illegible] |

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free

| | |
|---|---|
| समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी | केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल |
| सर्दियों में उपयोगी | कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल |
| हर मौसम में उपयोगी | कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल |
| दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए | कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल |

-: Awards & Achievements :-



# For Award Details : Contact 98290-50738

To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)
* In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)
*GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED *GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

पितृ दोष दूर करिए
पितृ मोक्ष की राह हुई आसान

16 दिन नियमित कराएं श्री गया जी में पितृ श्राद्ध



श्री गया जी में पूरे पितृ पक्ष के दौरान रहने, खाने एवं रुकने की व्यवस्था, पंडितों की दक्षिणा, 16 दिनों तक हवन, पिंडदान एवं ब्राह्मण भोजन की व्यवस्थाओं के चलते लाखों रुपए का खर्चा होता है। जिसे आम आदमी वहन नहीं कर पाता। इसलिए ऐसे लोगों के लिए **नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट** ने कम खर्चे में पितृ श्राद्ध जैसा पुण्य कार्य करवाने का बीड़ा उठाया है। प्रत्येक यजमान के साथ पिंडदान कार्य करवाने के लिए अलग से ब्राह्मण की व्यवस्था सहित इसके लिए श्राद्ध कर्म में होने वाले सम्पूर्ण व्यय का आधा खर्चा संस्था वहन करेगी। जिसमें आने-जाने का किराया भी शामिल है। ये व्यवस्था लाखों में नहीं अपितु हजारों में ही हो जाएगी।

पहले आओ, पहले पाओ संख्या सीमित है

आप सोचेंगे कि अभी तो श्राद्ध पक्ष में बहुत समय बाकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। श्री गयाजी में अभी से तैयारियां होने लग गई हैं। इसलिए ऐनमौके पर व्यवस्था करने में कठिनाई होती है। अतः श्राद्ध कराने के इच्छुक निम्न नंबरों पर अभी से सम्पर्क कर सकते हैं :-


मो. नं. 8561088777, 9928022718, 9829118962

-: सौजन्य से :-
नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

Gautam Hospital & Research Centre, Jaipur
A Centre for Cost Effective and Quality Mental Health Care

50 Beded Teaching Hospital



Psychiatric Facilities
- Facilities for hospitalization and inpatient care with Emergency Psychiatric Care (9 AM to 9PM)
- Memory clinic
- Headache clinic
- Sleep Clinic
- De Addiction clinic
- Psycho sexual clinic
- Geriatric psychiatric clinic
- Child and Adolescent Mental Health Clinic
- Computerized EEG and Biofeed Back
- Psychological tests and counseling
- Repetitive Transcranial Magnetic Stimulation – rTMS
- Sleep Lab

Rajyashree Diagnostics and Fitness Center
Nishant Fertility Center Dental Clinic

1, Jacob Road, Civil Lines, Jaipur 302006. Ph- 0141-2222111, Fax- 0141-2222630
E-mail:- ghrc.jaipur@gmail.com, Web: www.gautamhospital.com

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

## सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह, मुख्यमंत्री ने ईआरसीपी को लेकर की बड़ी घोषणाएं

# राजस्थान वर्ष 2030 तक बनेगा अग्रणी राज्य समाज के सभी वर्गों का योगदान है जरूरी-मुख्यमंत्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वतंत्रता दिवस पर अमर शहीदों को नमन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की रहनुमाई में अहिंसा के पथ पर आगे बढ़कर देश ने अपना मजबूत लोकतंत्र कायम रखा है। अब इसकी रक्षा करना हम सभी की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुरूप राज्य सरकार प्रदेश में सामाजिक, आर्थिक समानता को बढ़ावा देने और आमजन के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार नीति निर्देशक तत्वों की पालना करते हुए कार्य कर रही है। गहलोत मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस-2023 के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्यस्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनहितैषी योजनाओं से हर व्यक्ति लाभान्वित हो रहा है। महंगाई से प्रदेशवासियों को आजादी मिली है। अब हमारा लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्रदेश को देश का अग्रणी और सर्वोत्तम राज्य बनाना है। इसमें समाज के सभी वर्गों का योगदान बेहद जरूरी है।



### आज उत्साह का दिन, कल होगा उम्मीदों से भरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार का स्वाधीनता दिवस राजस्थान के लिए एक नई उम्मीद वाला दिन है। हम सभी 17 नए जिलों के निर्माण के साथ 50 जिलों के राज्य के रूप में पावन दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेल दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन है। इसमें 60 लाख खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने वाले खिलाड़ी तैयार होंगे।

### देश में राजस्थान है आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के लिए राजस्थान देश में मॉडल स्टेट बन गया है। प्रदेश अब राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी एक्ट के साथ हर परिवार की न्यूनतम आय तय करने, गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट व फंड बनाने और ओपीएस पुनः लागू करने वाला भी एकमात्र राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई राहत कैम्पों की अभिनव पहल से प्रदेशवासियों को 10 योजनाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित हुआ है। कैम्पों में लगभग 1.95 करोड़ परिवारों में से 1.82 करोड़ परिवार पंजीकरण करा चुके हैं।

### महिलाओं का मान-सम्मान हमारी जिम्मेदारी

श्री गहलोत ने कहा कि बालिकाओं एवं महिलाओं का मान-सम्मान बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए उनसे छेड़छाड़, दुर्व्यवहार करने वाले मनचलों का पुलिस थानों में हिस्ट्रीशीटर की तरह रिकॉर्ड रखा जाएगा। उन्हें सरकारी नौकरियों से वंचित करने के लिए नियमों में बदलाव कर रहे है। श्री गहलोत ने जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वितों के जीवन में आए बदलाव के बारे में भी अपने विचार साझा किए।

### हमारी योजनाओं की देश में सराहना

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी योजनाओं की देश में सराहना हो रही है। इनमें स्वास्थ्य का अधिकार, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, निरोगी राजस्थान योजना, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी कानून (महात्मा गांधी नरेगा और इंदिरा गांधी रोजगार गारंटी योजना में 125 दिन रोजगार की गारंटी), लगभग 1 करोड़ लोगों को न्यूनतम 1000 रुपए प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिए जाने की सराहना हो रही है। साथ ही, गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी, पेपर लीक करने पर उम्रकैद की सजा के प्रावधान करने, 3 लाख से अधिक सरकारी नौकरी एवं निजी क्षेत्र में लाखों अवसर प्रदान करने, उड़ान योजना में प्रतिमाह 12 सैनिटरी नैपकिन देने, इंदिरा रसोई योजना में 8 रुपए में भोजन, गौशालाओं को 9 और नंदीशालाओं को 12 माह अनुदान देने, 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने, लम्पी रोग में मृत गौवंश पर 40000 रुपए की आर्थिक सहायता देने, कामधेनु बीमा योजना लाने, इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना में स्मार्टफोन दिए जाने, राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस में 500 बच्चों को प्रतिवर्ष विदेश में पढ़ने का अवसर प्रदान करने पर देशवासी राजस्थान की सराहना कर रहे है।

### आपका टैक्स, आपको समर्पित

गहलोत ने कहा कि कुशल वित्तीय प्रबंधन से जनहितैषी बजट घोषणाएं लागू की गई। राज्य सरकार आमजन के टैक्स को उन्हीं के हितों में समर्पित कर रही है। कोविड काल में भी चिकित्सा व्यवस्था में कमी नहीं रखी गई, जिससे प्रदेश कोविड प्रबंधन में मॉडल साबित हुआ। राज्य सरकार ट्रस्टी के रूप में प्रदेश को शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी बनाने के लिए संकल्पित है।

### किसानों, पशुपालकों को धन्यवाद और बधाई

**गहलोत** ने किसानों को अनाज, तिलहन, दलहन, चना, बाजरा, सरसों उत्पादन और पशुपालकों को दूध एवं ऊन उत्पादन में राज्य को देश में प्रथम बनाने के लिए बधाई दी। उन्होंने देश में पहली बार स्वास्थ्य का अधिकार लागू कराने, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, निरोगी राजस्थान योजना के लिए चिकित्सकों और मेडिकल फेटर्निटी को, केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की रेटिंग में राजस्थान को देश में जनसमस्या निराकरण में सबसे आगे लाने के लिए राज्य कार्मिकों को, मजबूत आधारभूत संरचनाओं के लिए इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट्स और मजदूरों को धन्यवाद दिया।



## प्रेस क्लब में मनाया 77वां स्वाधीनता दिवस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में 77वें स्वाधीनता दिवस पर क्लब के संस्थापक सदस्य प्रवीण चन्द छाबड़ा ने झण्डारोहण किया। 95 साल के मूर्धन्य एवं वरिष्ठ पत्रकार छाबड़ा ने देश की आजादी से अब तक के इतिहास को दोहराया। क्लब अध्यक्ष राधारमण शर्मा एवं महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान प्रबन्ध कार्यकारिणी पत्रकारों एवं क्लब हित में क्लब का बेहतर संचालन कर रही है। इस अवसर पर प्रेस क्लब कर्मचारियों को उत्कर्ष सेवाएं देने पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर क्लब के संस्थापक सदस्य जगदीश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह राठौड़, नीरज मेहरा, मुकेश मीणा, अभय जोशी, उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मोनिका शर्मा, अनिता शर्मा, दिनेश कुमार सैनी, सन्नी आत्रेय, विकास आर्य, उमंग माथुर, ओमवीर भार्गव, पूर्व कोषाध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष कानाराम कड़वा, वरिष्ठ पत्रकार श्याम माथुर, विष्णुदत्त शर्मा, इकबाल खान, हीरा सिंह, श्याम सुन्दर शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे।



## बियानी कॉलेज में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आप पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल के साथ कॉलेज के चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी और डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी व कॉलेज के रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डायरेक्टर डॉ मनीष बियानी और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता पूनमचंद भण्डारी, विद्याधर नगर थानाधिकारी हरीश कुमार लाखोटिया ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. संजय बियानी ने सभी को 77वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और जीवन में परम स्वतंत्रता का अर्थ समझाते हुए कहा कि अपने आप से स्वतंत्र होना ही स्वतंत्रता है जब व्यक्ति घृणा, लोभ से स्वतंत्र होकर मानव, प्रकृति, देश की सेवा करते हुए मन में सहजता के साथ देने की भावना रखते है तो वह पूरी तरह स्वतंत्र हो जाते है। और कहा कि दुनिया में सभी लोग समान है, इसलिए हमे सबके साथ प्रेमभाव के साथ रहना चाहिए व प्रत्येक व्यक्ति का हर दिन हर्षोल्लास से भरा होना चाहिए। इस दौरान कॉलेज के रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डायरेक्टर डॉ मनीष बियानी ने अनुशासन को महत्ता देते हुए कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हमें एक साथ मिलकर काम करना होगा और सकारात्मक परिवर्तन लाने होंगे। मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने सभी विद्यार्थियों में देश के प्रति जोश जगाने के लिए भारत माता की जय के नारे लगवाए।



**# Maintenance : शहर में 13 दिन डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक**

# जयपुर जंक्शन से 28 दिनों के लिए 6 ट्रेनों के बदले स्टेशन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर के लोगों को अगले कुछ दिन कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप ट्रेन के जरिए जयपुर से बाहर जाने का प्लान कर रहे हैं तो ध्यान रखिए की 6 ट्रेनें जयपुर स्टेशन से नहीं चलेंगी। वहीं, जयपुर में कई जगह 13 दिन तक ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा।

## सबसे पहले क्यों 6 ट्रेनें 28 दिन तक नहीं चलेंगी

जयपुर जंक्शन स्टेशन से चलने वाली 6 ट्रेन 28 दिनों तक यहां से नहीं चलेंगी। जयपुर स्टेशन यार्ड की लाइन नंबर 1 पर 17 अगस्त से 13 सितंबर तक मेंटेनेंस किया जाएगा। इसके लिए रेलवे ने पुणे, मथुरा, अजमेर के लिए चलने वाली इन ट्रेनों को आंशिक रद्द किया है। यह ट्रेनें जयपुर स्टेशन से नहीं चलकर दुर्गापुरा, खातीपुरा और कनकपुरा स्टेशन से चलेंगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया- जयपुर स्टेशन को स्वच्छ और साफ-सुथरा रखने के लिए जंक्शन की पटरियों पर लगे सीमेंट के स्लिपर्स को चेंज कर उसकी जगह पूरे ट्रैक को सीमेंट कंक्रीट का बनाया जाएगा। इससे पटरियों की सफाई आसान हो जाएगी। इसके लिए जयपुर स्टेशन यार्ड के लाइन नं. 1 पर 17 अगस्त से 13 सितंबर तक वॉशेबल एप्रेन मेंटेनेंस किया जाएगा। इस दौरान 28 दिनों के लिए पुणे, मथुरा, अजमेर की 6 ट्रेनें जयपुर जंक्शन से नहीं जाएगी।

## ये ट्रेनें आंशिक रद्द रहेगी

» गाड़ी संख्या 12940, जयपुर-पुणे 19, 22, 26 और 29 अगस्त के साथ 2, 5, 9 और 12 सितंबर को जयपुर की जगह दुर्गापुरा से जाएगी। यह ट्रेन जयपुर-दुर्गापुरा स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी।

» गाड़ी संख्या 12939, पुणे-जयपुर 20, 23, 27 और 30 अगस्त के साथ 3, 6, 10 और 13 सितंबर को पुणे से आकर दुर्गापुरा स्टेशन तक ही चलेगी। यह ट्रेन जयपुर-दुर्गापुरा स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी।

» गाड़ी संख्या 04173, मथुरा-जयपुर स्पेशल 17 अगस्त से 13 सितंबर तक मथुरा से चलकर खातीपुरा स्टेशन तक ही चलेगी। यह ट्रेन खातीपुरा-जयपुर स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी।

» गाड़ी संख्या 04174, जयपुर-मथुरा स्पेशल 17 अगस्त से 13 सितंबर तक जयपुर की जगह खातीपुरा से चलेगी। ट्रेन जयपुर-खातीपुरा स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी।

» गाड़ी संख्या 09605, अजमेर-जयपुर स्पेशल 17 अगस्त से 13 सितंबर तक (रविवार को छोड़कर) अजमेर से चलकर कनकपुरा स्टेशन तक ही चलेगी। यह ट्रेन कनकपुरा-जयपुर स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी।

» गाड़ी संख्या 09606, जयपुर-अजमेर स्पेशल 17 अगस्त से 13 सितंबर तक (रविवार को छोड़कर) जयपुर की जगह कनकपुरा से चलेगी। यह ट्रेन जयपुर-कनकपुरा स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी।

## कहां डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

जयपुर में बीसलपुर प्रोजेक्ट के तहत पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है। इसे देखते हुए 16 से 28 अगस्त तक के लिए ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। ट्रैफिक डीसीपी प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने बताया- ओटीएस चौराहे से केंद्रीय विद्यालय-3 (झालाना), रॉयल्टी तिराहा, शांतिपथ जवाहर नगर बाइपास, श्री सतसई पीजी कॉलेज, पिंक स्क्वॉयर मॉल, गुरुद्वारा मोड़, ट्रांसपोर्ट नगर से दिल्ली बाइपास होकर न्यू फिल्टर प्लांट बन्ध की घाटी तक पाइप लाइन बिछाने का काम चलेगा।

# नए 6 जिलों में खुलेंगे जिला परिवहन अधिकारी ऑफिस

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में नवगठित जिलों में से छह जिलों में जल्द ही जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय शुरू किए जाएंगे। जिलों के गठन के बाद जिन जिलों में डीटीओ ऑफिस नहीं थे, वहां जिला स्तरीय कार्यालयों के प्रस्ताव तैयार किए गए। परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने सभी प्रस्तावों को अनुमति दे दी है। बजट के लिए फाइल वित्त विभाग को भेजी है। इसी महीने के अंत तक सभी डीटीओ ऑफिस शुरू होने की संभावना है। सांचौर, डीग, अनूपगढ़, खैरथल-तिजारा, गंगापुरसिटी व नीम का थाना में डीटीओ कार्यालय नए सिरे से बनाए जाएंगे। नीम का थाना जिले में शामिल खेतड़ी तहसील में डीटीओ कार्यालय है, अब नीम का थाना में दफ्तर शुरू किया जाएगा। सांचौर में अभी तक उप परिवहन कार्यालय था, अब उसकी जगह डीटीओ ऑफिस बनेगा। नवगठित जिलों के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्पेशल इन्वेस्टीगेशन यूनिट क्राइम अगेंस्ट वीमन (एसआईयूसीएडब्ल्यू) व एससी-एसटी सेल का गठन होना है। इसके लिए भी पद सृजित करने का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय गृह विभाग को भेजा है। इसमें एसआईयूसीएडब्ल्यू में एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एक निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक, दो हेड कांस्टेबल व दो कांस्टेबल के पद प्रस्तावित हैं।













































## सम्पादकीय

# विकास का पथ

देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले से देश को संबोधित करते हुए जहां अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई , वहीं आगे के लक्ष्य भी स्पष्ट किए। यह लालकिले से दिया गया प्रधानमंत्री के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी भाषण था। यहां से अगला भाषण किसका होगा, यह 2024 के लोकसभा चुनावों के जरिए देश की जनता तय करने वाली है। लेकिन पीएम मोदी की खासियत कही जाएगी कि पूरे भाषण में उन्होंने कहीं भी इस अनिश्चितता की छाया नहीं पड़ने दी। करीब 90 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने कई नई योजनाओं की घोषणा की और पुरानी योजनाओं पर अच्छे ढंग से अमल के कारण होने वाले फायदों का जिक्र किया। विश्वकर्मा योजना, शहरी गरीबों को घर बनाने के लिए आर्थिक मदद और महिलाओं को ड्रोन बनाने की ट्रेनिंग देने की उनकी घोषणा ने खास तौर पर ध्यान खींचा। प्रधानमंत्री अमूमन देशवासियों को भाइयो और बहनो कहकर संबोधित करते रहे हैं, लेकिन इस बार उन्हें मेरे प्यारे परिवारजनों का संबोधन दिया। मणिपुर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि घटनाएं भले पूर्वोत्तर के एक राज्य में हुई हों, उसकी पीड़ा पूरे देश में महसूस की जा रही है। उन्होंने शांति की अपील तो की ही, यह भी आश्वस्त किया कि केंद्र व राज्य सरकारें वहां सामान्य स्थिति बहाल करने के अपने दायित्व को पूरा करने में पूरी ताकत से लगी हुई हैं।

भाषण की शुरुआत में ही मणिपुर मुद्दे से भागने के विपक्ष की आलोचनाओं का उन्होंने जवाब दे दिया। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि देश को विकास की राह पकड़ने के लिए करप्शन, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से आगे बढ़ना होगा। उनका इशारा यहां विपक्ष की ओर था। वैसे, इस अहम मौके पर नेता प्रतिपक्ष की खाली कुर्सी अच्छा संकेत नहीं दे रही थी। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे इस समारोह में शामिल नहीं हुए। इस पर विवाद हुआ, लेकिन बाद में खरगे ने कहा कि वह सुरक्षा कारणों से लालकिले के आयोजन में शामिल नहीं हुए। प्रधानमंत्री ने लालकिले के भाषण में देश से 2047 के लिए तैयार रहने को कहा, जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा। उन्होंने तब तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लेने को कहा। यह महत्वपूर्ण लक्ष्य है। भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी इकॉनमी है और इस दशक के खत्म होने से पहले वह दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। कुछ अनुमानों में कहा गया है कि 2030 तक देश की प्रति व्यक्ति आय 4,000 डॉलर सालाना हो जाएगी। तब भारत मिडल इनकम देश होगा। अगर सही नीतियां अपनाई जाएं और सुधार जारी रखे जाएं तो 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल भी किया जा सकता है। यह लक्ष्य मुश्किल जरूर है, नामुमकिन नहीं।

**महिलाओं के अधिकारों को लेकर लगातार चिंतित रहने वाले संगठनों और लोगों के लिए शायद यह एक बड़ी महत्वपूर्ण खबर होगी कि भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को शामिल करने के लिए सक्षम नीतियां अपनाकर उन्हें बल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।**

# रक्षा क्षेत्र में दमखम दिखा रही है नारी शक्ति

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**भारतीय सशस्त्र बलों में पुरुषों और महिलाओं के लिए नियुक्ति और काम करने के हालात में कोई फर्क नहीं किया गया है। ट्रेनिंग से लेकर पोस्टिंग, पदोन्नति और सेवा शर्तें महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए सामान्य हैं।**



करीब तीन साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने जब पुरुषों की तरह महिलाओं को भी सेना में कमांड पोस्ट देने के पक्ष में अहम फैसला सुनाया था, तब यह माना गया था कि सुप्रीम कोर्ट के इस फ़ैसले से सिर्फ आर्मी की महिलाएं ही ऊपर नहीं उठेंगी, बल्कि देश के हर तबके की महिला आगे बढ़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा था कि महिलाएं भी पुरुषों की तरह सेना में कमांड पोस्ट संभाल सकती हैं। कमांड पोस्ट से मतलब है कि किसी सैन्य टुकड़ी की कमान संभालना यानी उस टुकड़ी का नेतृत्व करना। लगे हाथों आपको यह भी बता दें कि साल 2018 में स्लोवेनिया पहला ऐसा देश बना, जिसने एक महिला को देश के सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया। पर आज हालात तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। दूसरे तमाम कार्यक्षेत्रों की तरह महिलाएं अब सशस्त्र बलों में भी बड़ी कुशलता से अहम भूमिकाएं निभा रही हैं।

महिलाओं के अधिकारों को लेकर लगातार चिंतित रहने वाले संगठनों और लोगों के लिए शायद यह एक बड़ी महत्वपूर्ण खबर होगी कि भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को शामिल करने के लिए सक्षम नीतियां अपनाकर उन्हें बल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। भारतीय सशस्त्र बलों में पुरुषों और महिलाओं के लिए नियुक्ति और काम करने के हालात में कोई फर्क नहीं किया गया है। ट्रेनिंग से लेकर पोस्टिंग, पदोन्नति और सेवा शर्तें महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए सामान्य हैं। इस दिशा में हाल ही में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

महिला अधिकारियों को 12 शाखाओं और सेवाओं (आर्मी मेडिकल कोर, आर्मी डेंटल कोर और मिलिट्री नर्सिंग सर्विस के अलावा) में स्थायी कमीशन दिया जा रहा है। भारतीय सेना ने महिला अधिकारियों और उनके पुरुष समकक्षों में समानता सुनिश्चित की है जिसके तहत 12 शाखाओं/सेवाओं में पूरी तरह से लैंगिक भेदभाव रहित वातावरण मौजूद है। सभी पात्र महिला अधिकारियों की स्क्रीनिंग के लिए एक विशेष बोर्ड आयोजित किया गया है और परिणामों को सार्वजनिक कर दिया गया है। नियमित बोर्डों में भी, महिला अधिकारियों को उनके पुरुष समकक्षों के साथ कमीशन देने पर विचार किया जा रहा है।

सशस्त्र बलों ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में महिला उम्मीदवारों के लिए प्रवेश खोल दिया है, जिसमें भारतीय सेना के लिए 10 कैडेटों सहित 19 कैडेट हर छह महीने में अकादमी में शामिल होते हैं। महिला कैडेटों के पहले, दूसरे और तीसरे बैच ने जुलाई 2022, जनवरी 2023 और जुलाई 2023 से एनडीए में प्रशिक्षण शुरू किया। संगठन इसे सक्षम करने के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक, प्रशिक्षण और नीति परिवर्तन करने के लिए समावेशी उपाय सुनिश्चित कर रहा है।

भारतीय सेना ने महिला अधिकारियों के लिए आर्मी एविएशन कोर में पायलट के रूप में काम करने के रास्ते भी खोल दिए हैं। कर्नल (सेलेक्ट ग्रेड) रैंक के लिए महिला अधिकारियों पर भी विचार किया जा रहा है और उन्हें कमांड नियुक्तियां दी जा रही हैं।

भारतीय नौसेना में भी महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मातृत्व अवकाश के अन्य प्रावधानों के साथ अन्य प्रकार की छुट्टियों को भी शामिल किया जा रहा है। इसके अलावा, भारतीय नौसेना में अधिक महिला सैनिकों की भर्ती के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। महिला अधिकारियों को युद्धपोतों पर तैरते बिलेट्स में और विशेषज्ञ नौसेना वायु संचालन अधिकारियों के रूप में हेलीकॉप्टरों को जहाज़ पर भेजने के लिए भी नियुक्त किया जा रहा है। महिला अधिकारी अब रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) स्ट्रीम में शामिल हो सकती हैं और पहली महिला अधिकारी मार्च, 2021 में आरपीए स्क्वाड्रन में शामिल हुई। महिला अधिकारियों को राजनयिक कार्यों और अन्य विदेशी सहयोग कार्यों पर भी प्रतिनियुक्त किया गया है।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में 2022 से महिला कैडेटों के प्रवेश की अनुमति दी गई है, जिसमें महिला अधिकारियों को पीसी अधिकारियों के रूप में शामिल किया जा रहा है। नौसेना की महिला उम्मीदवारों के लिए शुरू में एनडीए में प्रति बैच तीन रिक्तियां आवंटित की गई थीं और पहला बैच जून, 2022 में शामिल हुआ था। अग्निपथ योजना के एक भाग के रूप में, महिलाओं को पहले बैच से ही अग्निवीर के रूप में नामांकित किया गया है। उन्हें अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में समान प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, व्यावसायिक पाठ्यक्रम और सेवारत रहने के मानदंड के अधीन किया जाता है।

इसी तरह भारतीय वायु सेना द्वारा 2015 में शुरू की गई सभी युद्धक भूमिकाओं में महिला अधिकारियों को शामिल करने की प्रायोगिक योजना को वर्ष 2022 में एक स्थायी योजना में नियमित कर दिया गया था। इस तरह लैंगिक असामनता रहित दृष्टिकोण बिना किसी प्रतिबंध के सभी युद्धक भूमिकाओं में भारतीय वायुसेना की महिला अधिकारियों के रोजगार की सुविधा प्रदान कर रहा है।

वायु सेना मुख्यालय में 'दिशा' प्रकोष्ठ भारतीय वायुसेना में अधिकारी संवर्ग में कैरियर से संबंधित देश भर में विभिन्न प्रचार कार्यक्रम आयोजित करता है। ऐसे प्रचार अभियानों के दौरान महिला उम्मीदवारों को पसंदीदा करियर विकल्प के रूप में भारतीय वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। महिला अधिकारियों द्वारा प्रेरक वार्ता आयोजित करने से छात्राओं को उनके साथ बातचीत करने और अपनी आशंकाओं को दूर करने का अवसर मिलता है। इन सत्रों के दौरान आईएएफ को करियर के रूप में चुनने का दायरा संभावनाओं, सुविधाओं, कार्य प्रोफाइल, लाभ आदि के संदर्भ में शामिल किया गया है।

# महिलाओं में अनियमित माहवारी से मंडराया डायबिटीज का खतरा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सीमा अग्रवाल**
स्वतंत्र लेखक
@jagrukjanta.net

भारत को दुनिया की डायबिटीज कैपिटल कहा जाता है। दुनियाभर में मधुमेह के जो मरीज हैं, उसमें से 17% अकेले भारत में हैं। यूनाइटेड किंगडम के जनरल लैसेंट में प्रकाशित ICMR के अध्ययन के अनुसार 2019 में भारत में 70 मिलियन लोग मधुमेह से ग्रसित थे। माना जा रहा है कि जल्द ही ये आंकड़ा बढ़कर 101 मिलियन हो जाएगा। अध्ययन में आगे कहा गया कि मधुमेह के प्रसार की दर पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में कहीं ज्यादा है। जहां पुरुषों में यह 8.5% है, वहीं महिलाओं में इसकी दर 10.2% है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों को आशंका है कि महिलाओं में तेजी से बढ़ता मधुमेह उनमें माहवारी की अनियमितता, उम्र से पहले मोनोपॉज और पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम के जोखिम को बढ़ा सकती है। यह भी संभावना व्यक्त की जा रही है कि महिलाओं में बढ़ती मासिक अनियमितता और PCOS उनमें मधुमेह का जोखिम भी उत्तपन्न कर सकता है। 2013 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि माहवारी के ल्यूटल फेज के दौरान महिलायों के रक्त में शर्करा का स्तर ज्यादा था। दरअसल मासिक चक्र के ल्यूटल फेज में प्रोजेस्ट्रॉन का लेवल बढ़ जाता है, जिससे खून में ग्लूकोज का लेवल बढ़ता है और प्रीडायबिटीज की स्थिति बनाता है। अगर माहवारी लंबी चले या अनियमित हो तो बढ़े हुए प्रोजेस्ट्रान का लेवल कोशिकाओं को इंसुलिन प्रतिरोधी बनाता है। नतीजा महिलाएं टाइप-2 डायबिटीज की शिकार हो जाती हैं। ऐसे हालात में डॉक्टर महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान बार-बार मधुमेह की जांच कराने की सलाह देते हैं। माहवारी नियमित रहे इसलिए पोषणयुक्त आहार लेने को कहते हैं। 2020 में प्रकाशित अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के एक जनरल में इस बात का खुलासा हुआ कि , मासिक धर्म और मधुमेह में घनिष्ठ संबंध है। जनरल में बताया गया कि वे महिलाएं जो मोटापे की शिकार है एवं जिनमें महावारी अनियमित है वे मधुमेह के हाईरिस्क जोन में हैं। आंकड़ों की मानें तो आज भारत में 5 में से एक महिला PCOS से पीड़ित है। महिला मधुमेह रोगियों की बढ़ती संख्या इसमें इजाफा कर सकती हे। टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित महिला का अग्नाशय अधिक मात्रा में इंसुलिन रिलीज करता है। यह ओवरीज में एंड्रोजन मेल सेक्स हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाता है। नतीजतन ओवरीज को ओव्यूलेट करने में समस्या आती है और माहवारी समय पर नहीं आती और ओवरी में छोटी छोटी सिस्ट बन जाती हैं। ऐसी स्थिति में डॉक्टर कम कार्बोहाइड्रेट और शर्करा वाला भोजन करने की सलाह देते हैं ताकि इंसुलिन के लेवल को बैलेंस किया जा सके। ICMR के ताजा आंकड़ो के अनुसार भारत में 136 मिलियन लोग 15.3% प्रीडायबिटीज के हैं। इस अध्ययन के अनुसार 4 सालों में भारत में मधुमेह के 44% मामले बढ़े हैं। जो कि 2019 में 70 मिलियन थे। शोधशास्त्रियों को आशंका है कि आने वाले 5 सालों में प्रीडायबिटिक के आधे मरीज टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित हो जाएंगे। जहां एक ओर तेजी से बढ़ते मधुमेह के मरीज चिंता का विषय हैं, वहीं दूसरी ओर नेशनल नॉन कम्युनिकेबल डिसीज मॉनिटरिंग सर्वे की मानें तो पुरुषों की तुलना में महिलाओं में मधुमेह का प्रसार तीव्र है।यदि यह स्थिति बनी तो भविष्य में महिला मधुमेह मरीज़ों की संख्या बढ़ेगी जो निश्चित तौर पर महिलायों में माहवारी अनिमियता और PCOS का संकट बढ़ाएगा।

# विचारधारा और जनमत



**चेतेन्द्र मिश्रा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

दुनिया में एक ही साथ अनेक विचारधाराओं की सक्रियता जहां स्वाभाविक लगती है, वहीं इससे राजनीतिक चिंतन को भी विस्तार मिलता है। पिछले एक पखवाड़े की ही बात करें, तो अनुदार वामपंथ की पूरी दबंगई हमने चीन में देखी है और उसके बाद अब ब्राजील में समाजवादी-वाम विचारधारा कड़े संघर्ष में आगे आ गई है। हालांकि, सबसे ताजा मामला इजरायल का है, जहां पर दक्षिणपंथ की वापसी होती दिख रही है। इजरायल के पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की रूढ़िवादी लिकुड पार्टी की बढ़त से लगता है कि वहां अपेक्षाकृत उदारवादियों से लोगों का विश्वास कम हुआ है। इजरायल की चिंता दूसरी तरह की भी है। वहां तीन साल में पांचवीं बार चुनाव हुए हैं। वहां लोगों को स्थिर सरकार का इंतजार है, लेकिन लोग अपनी इच्छाओं और जनादेश के मामले में बहुत बंटे हुए हैं। इस कट्टर यहूदी देश में दक्षिणपंथ के प्रति लोगों का झुकाव बढ़ा तो है, लेकिन इतना भी नहीं बढ़ा कि पूरी सत्ता उसके हाथ में थमा दें।

उधर, ब्राजील में लूला द सिल्वा ने सत्ता में एक अंतराल के बाद वापसी की है। वह एक दशक बाद व भ्रष्टाचार के आरोपों के खारिज होने के तीन साल बाद सत्ता में लौटे हैं। लूला जेल में एक साल से अधिक समय बिता चुके हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं का नाम भी लिया था, जो अपने समय में जेल गए थे। वैसे लैटिन अमेरिका में सबसे अधिक आबादी वाले और सबसे बड़े देश ब्राजील में लूला की सत्ता में वापसी को पर्यावरण सुरक्षा और सामाजिक न्याय की जीत माना जा रहा है। ब्राजील में दक्षिणपंथी जायर बोल्सोनारो को सत्ता से जाना पड़ा है और अब उन पर जेल जाने का खतरा मंडरा रहा है। उनका प्रचार अभियान भी इस अतिरेक के साथ चल रहा था कि जिता दो या जेल व मौत तय है। लोगों ने उन्हें हरा दिया है, लेकिन बहुत मामूली अंतर से। लूला को 50.9 प्रतिशत और बोल्सोनारो को 49.1 प्रतिशत मत मिले हैं। लूला के लिए चुनौतियां कम नहीं हैं। क्या वह इस बात को भुला देंगे कि पिछली सरकार ने उनके साथ कैसा व्यवहार किया था? सवाल यह भी है कि ऐसी हार से बोल्सोनारो या दक्षिणपंथी क्या सबक लेंगे?

ऐसे कौन से संकेत इन चुनाव परिणामों से उभर रहे हैं? मूल समस्या कहां है? दरअसल, सबसे कारगर पैमाना जनसेवा है। लोगों को जहां भी परेशानी हो रही है, वे वहां सत्ता में बदलाव कर रहे हैं। नेताओं या सत्ताधीशों को यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना सबसे जरूरी है। लोकतंत्र को बचाना है, तो लोकतंत्र का सोलह आना सम्मान भी करना होगा। लोग भूले नहीं हैं, दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप अपनी चुनावी हार स्वीकारने को तैयार नहीं हो रहे थे, ब्राजील में भी बोल्सोनारो को हार पचाने में बहुत तकलीफ हो रही है। दअरसल, विचारधारा कोई भी हो, जनादेश का सम्मान करना ही होगा। यह समझना होगा कि लोगों को विचारधारा से ज्यादा मतलब नहीं है, उन्हें विकास और अपनी बेहतरी से मतलब है। लोकतांत्रिक देशों के लोगों को भी परिपक्वता का परिचय देना चाहिए।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



तुम क्या देख रहे हो? मुझे इन राजाओं को, पेड़ को, पेड़ पर बैठी चिड़िया को? तब अर्जुन ने कहा-मुझे सिर्फ पक्षी की आंख दिखाई दे रही है, जहां मुझे बाण मारना है। जो देखता है ईश्वर ही वस्तु है और सब अवस्तु है। ईश्वर ही हमारा लक्ष्य है, वही उन्हें पा सकता है। संसार की बाकी खबरों से हमें क्या? विषयी लोग कपटी होते हैं वे ईश्वर को नहीं पा सकते। वे कहते तो हैं हमें ईश्वर से प्रेम है, भक्ति का दिखावा भी करते हैं, किंतु उनका आकर्षण संसार के सुख भोग, धन, सम्पत्ति, स्त्री, परिवार आदि में ही रहता है। उनका एक अंश भी ईश्वर की ओर नहीं रता। तपस्या करने पर ईश्वर की कृपा से उनके दर्शन होते हैं। शास्त्र के श्लोकों को रट लेने से कुछ नहीं होगा। ईश्वर दर्शन की बात लोगों को समझायी नहीं जा सकती। आत्म दर्शन का उपाय', मन, वचन और कर्म से उन्हें पाने की चेष्टा। मन तो कोरे कपड़े की तरह जिस रंग में रंगोगे उसी रंग का हो जाएगा। संसार में लगावे तो संसार का हो जाएगा, ईश्वर में लगावोगे तो ईश्वर का हो जायेगा। जैसे उजले कपड़े पर रंग चढ़ता है वैसे ही शुद्ध मन में ईश्वर का चिंतन होता है। उनके लिए प्रेमोन्माद यानि प्रेम में पागल होने की आवश्यकता है। संसार की चीज लेकर हे मन क्यों पागल हो रहा है, यदि पागल ही होना है तो ईश्वर के लिए होओ।

**क्रमशः**

## ओपिनियन

# अनुभव जन्य ज्ञान की अनदेखी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**क्षमा शर्मा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

कौन कहता है कि परंपरा जनित ज्ञान अनुभव जन्य नहीं होता? क्या आज से दो-चार सौ साल से पहले भारत में लोग जीवित नहीं थे? कौन कहता है कि परंपरा जनित ज्ञान अनुभव जन्य नहीं होता? क्या आज से दो-चार सौ साल से पहले भारत में लोग जीवित नहीं थे? तब क्या यहां के लोगों का ज्ञान शून्य था? आखिर जब तक पश्चिम से कोई ज्ञान न मिले, तब तक हम अपने को छोटा क्यों समझते हैं? बचपन में मां टायफाइड हो जाने पर सौंफ और पुदीने को पानी में उबालकर पीने को देती थी। बहुत से पश्चिमी देशों में भी सौंफ और जीरे का पानी सद्य प्रसूता को पीने के लिए कहा जाता है। हल्दी और अदरक की औषधियों का प्रयोग आज एलोपैथिक डॉक्टर्स भी करते हैं। अक्सर अमेरिका से ऐसी खबरें आती रहती हैं कि वहां उन चीजों का पेटेंट कराया जा रहा है, जिनका इस्तेमाल भारत में सदियों से होता चला आ रहा है। विज्ञान भी अनुभव की बात ही तो करता है। क्लीनिकल ट्रायल इसी को कहते हैं। हमारा अनुभव जन्य ज्ञान ही तो है कि कौन-सी चीज किस चीज के साथ खानी है और किसके साथ नहीं? जैसे कि खीरा खाली पेट नहीं खाना चाहिए। उसके ऊपर पानी नहीं पीना चाहिए। दूध के साथ भी खीरे, ककड़ी, तरबूज, खरबूज का प्रयोग वर्जित है। ऐसी तमाम बातों को परंपरा से लोग जानते आए हैं। नाड़ी देखकर रोग बताने वाले अपने ही यहां रहे हैं, लेकिन आज हमें बताया जा रहा है कि हम लोग घोर अवैज्ञानिक दृष्टि वाले हैं। हमारे यहां की औषधियां, पारंपरिक चिकित्सा प्रविधियां सब बुढ़िया पुराण हैं, क्योंकि ये सब पश्चिम की वैज्ञानिक तुला पर खरी नहीं उतरी हैं। इस वैज्ञानिक सोच की लाठी में इतना दम है कि वह बिना किसी प्रमाण के अच्छी से अच्छी बात को खारिज कर देती है और कोई उफ भी नहीं करता। शायद इसीलिए गत दिवस मद्रास हाई कोर्ट ने कहा कि बहुत सी चीजें, जिन्हें आज खोजने का दावा किया जा रहा है, उनका हमारी संस्कृति में उल्लेख मिलता है। यह ठीक है कि पश्चिमी चिकित्सा पद्धति में तात्कालिक लाभ के लिए बहुत से इलाज मौजूद हैं, मगर इस बात में भी दो राय नहीं हैं कि बड़ी फार्मा कंपनियों का प्रमुख उद्देश्य मुनाफा कमाना ही होता है। वहां मुफ्त कुछ नहीं है। कोई कह सकता है कि कंपनी चलानी है तो मुनाफा तो कमाना ही होगा। कौन है जो मुनाफा कमाना नहीं चाहता? यह सब सच है, मगर प्राथमिक बात मुनाफे की होती है, उसे जनसेवा के फ्रेम में मढ़ा जाता है। इसीलिए आप देखेंगे कि इन दिनों कोई भी वह शोध, जो किसी रोग को जड़-मूल से नष्ट कर सकता है, वह होता ही नहीं, क्योंकि रोग का मतलब है, उससे जुड़ी दवाओं की बिक्री। आदमी एक बार बीमार पड़े और जिंदगी भर दवाएं ही खाता रहे तो ऐसी सोने की मुर्गी और कहां हाथ आ सकती है? अक्सर रोग को नष्ट करने वाले शोधों को पहले तो आर्थिक मदद ही नहीं मिलती। मिलती भी है तो वे चूहों तक आते-आते ही खत्म हो जाते हैं। दरअसल मेडिकल माफिया की दिलचस्पी उन दवाओं को बनाने में नहीं है, जिनसे रोगों को समूल नष्ट किया जा सके। डायबिटीज जैसे रोग को खत्म करने वाले शोधों को आगे नहीं बढ़ने दिया जाता, जो एक महामारी की तरह ही है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

**जागरूक जनता Selfie विद डॉटर**



वंशिका डॉटर कैलाश बिजारणियां, रींगस, सीकर

**हमे भेजें**

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 16/08/2023**

**सूर्योदय** : 06:02 **सूर्यास्त** : 18:59 **चन्द्रोदय** : 05:39 **चन्द्रास्त** : 19:20 **शक सम्वत** : 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना** : आषाढ़ा **पूर्णिमांत** : श्रावण **सूर्य राशि** : कर्क **चन्द्र राशि** : कर्क **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : अमावस्या, 15:08 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1945 शोभकृत **चन्द्रमास श्रावण (अधिक)** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2080 नल **श्रावण (अधिक)** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2079 आनन्द

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : आश्लेषा, 16:53 तक
**योग** : वरीघा, 18:23 तक
**प्रथम करण** : नागा, 15:08 तक
**द्वितिय करण** : किमस्तोगना, 28:21 त

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:24 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:46 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:37 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:00 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:00 पी एम से |
| अमृत काल | 03:09 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:04 ए एम, अगस्त 17 से 12:47 ए एम, |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में

राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में

होमाहुति : सूर्य

अग्निवास : पृथ्वी, पाताल

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | : 06:01 - 07:38 | उद्वेग | 06:58 - 08:21 |
| अमृत | : 07:38 - 09:15 | शुभ | 08:21 - 09:44 |
| काल काल वेला | : 09:15 - 10:53 | अमृत | 09:44 - 11:07 |
| शुभ | : 10:53 - 12:30 | चर | 11:07 - 12:30 |
| रोग वार वेला | : 12:30 - 02:07 | रोग | 12:30 - 01:53 |
| उद्वेग | : 02:07 - 03:44 | काल | 01:53 - 03:16 |
| चर | : 03:44 - 05:21 | लाभ | 03:16 - 04:39 |
| लाभ | : 05:21 - 06:58 | उद्वेग | 04:39 - 06:02 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज अमावस्या

### आज कौन सा कार्य करें

अमावस्या को पितृ कार्य और शल्य क्रिया करके उनमे सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

श्रावण (अधिक), कृष्ण, अमावस्या, 2080 बुधवार, 16 अगस्त - 22 अगस्त, 2023

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
सप्ताह में आपको ज्यादा भागदौड़ नहीं करनी चाहिये। दुविधा के कारण काम बिगड़ सकते हैं। मित्रों और सम्बन्धियों से आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। अपना खानपान शुद्ध और पौष्टिक रखें।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
परिवार में सुख-शान्ति बनी रहेगी। पूरा दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। समाज कल्याण के कार्यों में आप भाग लेंगे। सन्तान पक्ष से हर्षदायक समाचार प्राप्त होगा। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
लोग पीठ पीछे आपकी बुराई कर सकते हैं। आशा के अनुरूप आपको धन लाभ मिलेगा। बुद्धि-विवेक से काम करना आपके लिये हितकर होगा। आपके भावनात्मक व्यवहार का लोग सम्मान करेंगे।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
आपके मन में सकारात्मक विचार आयेंगे। विचारों में स्पष्टता रखें। धैर्य से निर्णय लेने के कारण सफलता मिलेगी। बॉस के साथ आपके सम्बन्ध अच्छे रखें। कोई मनोरथ आज सिद्ध हो सकता है।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
आपके कुछ कार्यों में बाधा आ सकती हैं। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यर्थ की भागदौड़ करने से आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। दिन मिलाजुला रहने वाला है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
दिन की शुरुआत में आलस्य हो सकता है। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें। दाम्पत्य सुख में कमी आ सकती है। घर में बड़ों की बातों की अवहेलना न करें। मित्रों से सहयोग नहीं मिलेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
बुजुर्ग परिजनों का मार्गदर्शन आपको मिल सकता है। व्यवसाय में वृद्धि के लिये निवेश कर सकते हैं। नये प्रोजेक्ट्स में आप सम्मिलित हो सकते हैं। दोस्तों के साथ पुरानी यादें साझा करेंगे।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
कानूनी अड़चनों को दूर करने में आसानी होगी। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जॉब में आप नया काम कर सकते हैं। आर्थिक उन्नति होने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे]
वाणी में संयम रखें। अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम हो सकती है। प्रतिद्वन्द्वियों से आपको सावधान रहना चाहिये। सम्पत्ति के दस्तावेजों को सँभाल कर रखें। बच्चे पढ़ाई को लेकर काफी चिन्तित रहेंगे।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
विदेश से नये जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपके मीठे व्यवहार से लोग आकर्षित रहेंगे। पुराने कार्यों को पूरा करने की चिन्ता रहेगी। सेहत के मामले में काफी फिट रहेंगे।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। शुभ कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को काफी यश प्राप्त होगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
घर के माहौल में थोड़ी गम्भीरता रहेगी। म्यूचुअल फण्ड में निवेश से लाभ मिलेगा। गृहस्थ जीवन में प्रेम और सद्भावना बढ़ेगी।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

# परशुराम भवन में स्वतंत्रता दिवस हर्षल्लास से मनाया

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा विद्याधर नगर स्थित भगवान परशुराम भवन परिसर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पंडित केसरी चंद शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सुभाष पाराशर कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा स्वतंत्रता प्राप्ति में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया तथा इनके अलावा ओमप्रकाश चोटिया, रवि शंकर शर्मा, एसके शर्मा, बनवारी लाल शर्मा आदि गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में विद्याधर नगर एवं शास्त्री नगर के सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित हुए । कार्यक्रम के अंत में मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एस के शर्मा द्वारा किया गया।

## राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 कार्यक्रम आयोजित

# तनावमुक्त दिनचर्या अपनाएं विद्यार्थी-डॉ. चतुर्वेदी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजकीय महाविद्यालय, कंवर नगर, ब्रह्मपुरी में राजस्थान राज्य महिला नीति-2021 के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्याख्यान देने के लिए मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पुनीत चतुर्वेदी, सहायक आचार्य, डॉ किरण शर्मा (शोधार्थी). डॉ. नमित पाटनी (शोधार्थी) राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमन भाटिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनका परिचय दिया तथा युवा विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के सकारात्मक तरीकों को दिनचर्या में सम्मिलित करने पर बल दिया। इसके पश्चात् मुख्य वक्ता ने विद्यार्थी जीवन में योग और तनाव प्रबन्धन का महत्व विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ चतुर्वेदी ने पीपीटी स्लाइड के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य मानसिक स्वास्थ्य, मानसिक रोग आदि शब्दों का अर्थ विस्तार से समझाया। उन्होंने एक मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति के लक्षणों के विषय में बात की। इसी के साथ मानसिक रोग अस्वस्थता के विभिन्न प्रकार, कारण, स्त्री य पुरुष की आवश्यकताएं आदि बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। अंत में मुख्य अतिथि ने मानसिक रोगों के उपचार में आयुर्वेद की भूमिका के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन क्रमश छात्रा साक्षी स्वामी तथा ज्योति महावर ने किया। कार्यक्रम में डॉ. नीलम शर्मा, ललिता शर्मा, संगीता कुमारी, डॉ. अजीत सिंह चौधरी, विवेक कुमार चूलेट व महेश मीणा उपस्थित रहे।

## मिशन 2030' के लिए 1 करोड़ प्रदेशवासियों से सुझाव लेगी राज्य सरकार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने कुशल वित्तीय प्रबंधन कर जनकल्याणकारी योजनाओं से हर व्यक्ति को लाभान्वित किया है। अब राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों में लाने के लिए राज्य सरकार ने 'मिशन 2030' का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए मिशन 2030 की मुहिम चलाकर अर्थशास्त्रियों, लेखकों, पत्रकारों, विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, बुद्धिजीवियों, खिलाड़ियों सहित एक करोड़ प्रदेशवासियों से सुझाव लिए जाएंगे। राज्य सरकार इन्हें समाहित कर मिशन 2030 का विजन डॉक्यूमेंट जारी करेगी।

NOTICE GIVING PUBLIC INFORMATION ABOUT CHANGE
OF PARTNERS OF M/s **THE LIONIZE RESORT**
(REG NO. RF/SRH/ 2022/4132)

In compliance of Rule 72 of the Rajasthan Partnership Rules Framed under Indian Partnership Act, 1932, this is to State that following partners are retired/admitted from the Partnership Firm M/s **THE LIONIZE RESORT**, NEAR NH 27, CHANDRAVATI, ABUROAD-307026

- **Shri. Parvejkhan Bhikhubhai Bihari** aged about 33 years, resident of Moriya, Vadgam, Banaskantha Palanpur- 385001 and **Shri Yakubkhan Hiyatkhan Bihari** aged about 41 years, resident of Jadirdar Vas, Tejpura, Sisrana Palanpur- 385421 has retired from the firm w.e.f. 11-08-2023.
- **Shri Rakesh Hasmukhray Brahmbhatt** aged about 55 years, resident of A-1 Sterling Park, Memnagar, Ahmedabad, Gujrat – 380052 and **Shri Yasirkhan Yakubkhan Bihari** aged about 19 years, resident of Jadirdar Vas, Tejpura, Vadgam Palanpur Banaskantha - 385421 has joined the firm as a new partner w.e.f 11-08-2023

IF ANY PERSON HAVE OBJECTION IN THIS REGARDS THEN INFORM REGISTRAR OF FIRMS, SIROHI WITHIN 7 DAYS

# ट्रोमा सेंटर पर नोडल अधिकारी धाकड़ ने किया ध्वजारोहण



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जहां पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। वहीं, सवाई मानसिंह अस्ताल से सम्बद्ध ट्रॉमा सेंटर में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ अनुराग धाकड ने बताया कि आज राष्ट्र के 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ट्रोमा सेंटर में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद ट्रॉमा सेंटर में रोगियों को उल्लेखनीय सेवाएँ देने वाले चिकित्साकर्मियों, नर्सिंग कर्मियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े अन्य सभी वर्गों के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में ट्रॉमा सेंटर के उपाधीक्षक डॉ जगदीश मोदी, नर्सिंग अधीक्षक रामपाल बुनकर, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ पचौरी उपस्थित रहे। इससे पूर्व सवाई मान सिंह चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ अचल शर्मा ने डॉ अनुराग धाकड को दुर्घटना ग्रस्त रोगियों की उत्कृष्ट सेवाओं के लिये दक्षता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।




**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका, रींगस, जिला-सीकर (राज.)**

क्रमांकः- न.पा.रींगस/2023-24/2463 दिनांकः- 10.08.2023

**आपत्ति सूचना**


अद्योहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में यह लाया गया है कि नगरीय क्षेत्र रींगस के राजस्व ग्राम रींगस में स्थित भूमि या उसके भाग जिनका विवरण नीचे दिया गया है का 31.12.2021 से पूर्व की कालावधि से गैर कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/ किया गया है और इसलिए निम्नांकित भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1966 की धारा 90क की उपधारा (8)के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है:-

| क्र.सं. | राजस्व ग्राम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (हैक्ट. में) |
|---|---|---|---|
| 01 | | 3402 | 0/0100 |
| 02 | रींगस | 3403 | 0/7000 |

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना प्रकाशन की तारीख से 07 दिन के भीतर-भीतर कारण बताये क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जावे और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार समस्त विल्लांगमों से मुक्त निहित किया जा सकें। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 10-08-23 के दिन जारी की जाती है।

**नोट-** खातेदारों के पूर्ण पते उपलब्ध होने से उक्त लोक सूचना को व्यक्तिगत नोटिस भी मानो जावें।

**सीताराम कुमावत**
प्राधिकारी अधिकारी, नगर पालिका रींगस









## जागरूक खबरें

**आरपीएससी**

### राजस्व अधिकारी भर्ती में बढ़े 7 पद

**अजमेर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में राजस्व अधिकारी-ग्रेड द्वितीय भर्ती-2022 में 7 पदों की बढ़ोतरी की गई है। अब भर्ती 21 पदों के लिए होगी। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि राजस्व अधिकारी-ग्रेड द्वितीय एवं सहायक अभियंता सिविल की संयुक्त भर्ती का विज्ञापन पिछले साल 24 अगस्त को जारी किया गया था। इसमें राजस्व अधिकारी के पदों की संख्या 14 थी। राजस्व-कार्मिक विभाग ने भर्ती में 7 पद बढ़ाए हैं। इससे कुल पदों की संख्या 21 हो गई है। इसके आदेश आयोग को मिल चुके हैं। आयोग ने पदों का वर्गीकरण भी जारी किया है। मालूम हो कि राजस्व अधिकारी-ग्रेड द्वितीय की परीक्षा 14 मई को हुई थी।

### रक्तदान शिविर 19 को

**खण्डेला @ जागरूक जनता।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटडी लुहारवास गांव के सती माता मंदिर परिसर में 19 अगस्त को सर्व समाज के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, शिविर को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। रींगस सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. जितेंद्र यादव ने बताया कि दिवंगत रतनलाल यादव की पुण्य स्मृति में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, शिविर को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शिविर की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 18 से होगी आयोजित

**शिवगंज @ जागरूक जनता।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सिरोही के तत्वावधान में 18 अगस्त की सुबह 8 बजे हिंदुस्तान डिफेंस एकेडमी चांदना के मैदान पर छात्र-छात्रा वर्ग की जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संयुक्त सचिव अश्विनी कुमार हिंडोनियां ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतियोगी अपने एएफआई नंबर से अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। इस प्रतियोगिता में 14, 16,18 व 20 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है।

### राहुल मिश्रा एनसीपी जयपुर जिलाध्यक्ष नियुक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में राहुल मिश्रा को युवा मोर्चा जयपुर जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश जोशी और राजस्थान युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह सान्धु द्वारा राहुल को नियुक्ति दी गई। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एनसीपी के केन्द्रीय कार्यालय की ओर से भी राहुल को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# दिव्यांगजन किसी से कम नहीं-एडीजे शर्मा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विशेष योग्यजनों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन अंकुर कॉम्प्लेक्स सेक्टर 4 में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलदीप शर्मा एडीजे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दिव्यांग बच्चों के साथ शतरंज खेला। बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा ये दिव्यांगजन अपनी प्रतिभा के बूते देश एवं समाज के उत्थान में अहम भूमिका निभाने में सक्षम है। इनमें अद्भुत प्रतिभा है। इस दौरान शतरंज, लुड्डो, केरम, चित्रकला ,संगीत आदि की प्रतियोगिताएं हुई। प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांगों को स्वतंत्रता दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रारम्भ में संयोजक नरेन्द्र सिंह चौहान ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा संस्थान विदेश प्रवक्ता रविश कावड़िया ने विजेताओं की घोषणा एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान संतोष मेनारिया, अखिलेश अग्निहोत्री, लालसिंह भाटी, थियोफिल खराड़ी, जितेन्द्र वर्मा व रमेश शर्मा भी मौजूद रहे।



### शर्मा ने किया ध्वजारोहण

**जयपुर @ जागरूक जनता।** स्वाधीनता दिवस के अवसर पर विद्याधर नगर निवासी जनसेवक और भामाशाह प्रदीप शर्मा ने परिवारजनों के साथ ध्वजारोहण किया। शर्मा ने इस अवसर पर बताया कि सभी नागरिकों को ध्वजारोहण करना चाहिए। इससे मन, मस्तिष्क में देशप्रेम की भावना जागृत रहती है। इस मौके पर परिवार के अन्य सदस्यों ने भी स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने विचार रखें। अंत में सभी को मिठाई वितरित की गई। उल्लेखनीय है कि प्रदीप शर्मा दूसरों की मदद को हमेशा तत्पर रहते हैं। सामाजिक कार्यों में तत्परता से शामिल होना शर्मा की नियती है।

## प्रदूषण मुक्त पर्यावरण के लिए हर नागरिक हो संकल्पित-अग्रवाल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने 77 वें स्वतंत्रंता दिवस के अवसर पर झंडारोहण किया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि राज्य में प्रदूषण मुक्त पर्यावरण एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण स्थापित करने के साथ उद्योगों में सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज को बढ़ावा देना हमारी प्रमुख प्राथमिकता एवं कर्तव्य है। इस अवसर पर उन्होंने मौजूदा सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देकर कहा कि सभी टीम वर्क की भावना के साथ मिलकर आम जन एवं हितधारकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। इस अवसर पर अध्यक्ष शिखर अग्रवाल एवं सस्दय सचिव विजय एन द्वारा मंडल परिसर में पौधरोपण किया गया साथ ही मौजूद मंडल कर्मचारी एवं आम जन को पौधे वितरित किये गए।

### 9 उद्योग प्लेटिनियम एवं गोल्ड अवार्ड से सम्मानित

इस अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा इंडक्शन एवं रीहीटिंग फर्नेसेस क्ष्रेणी के चयनित उद्योगों को प्लेटिनियम एवं गोल्ड अवार्ड से नवाजा गया। इंडक्शन फेर्नेसेस क्षेणी के अंतर्गत श्री कृष्णा रोलिंग मिल्स जयपुर को प्लेनियम अवार्ड , रतन इंजीनियरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड भिवाड़ी, रतन इंजिनीरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड काहरानी इंडस्ट्रियल एरिया,भिवाड़ी एवं बालाजीमहिमा अलॉय प्राइवेट लिमिटेड को गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त रीहीटिंग श्रेणी में श्री पृथ्वी स्टील रोलिंग मिल्स,जयपुर एवं कामधेनु इस्पात लिमिटेड, जयपुर को प्लेटिनियम अवार्ड एवं श्री कृष्णा रोलिंग मिल्स, जयपुर, पेट्रोपोल इंडिया लिमिटेड व आशियाना मैन्युफेक्चरिंग इंडिया लिमिटेड को गोल्ड अवार्ड से नवाजा गया।



**साप्ताहिक शिव पुराण कथा सम्पन्न**

## धर्म-पुण्य के लिए ही है पुरुषोत्तम मास

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सावन अधिक मास जिसे पुरुषोत्तम मास कहा जाता है, में चारों तरफ धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। कहीं श्रीमद्भागवत कथा तो कहीं शिव पुराण, कहीं सुन्दर काण्ड तो कहीं हनुमान चालीसा, कहीं पैदल यात्रा, कहीं कावड़ यात्रा। पुरुषोत्तम मास होता ही धर्म पुण्य करने के लिए हैं। इसी कड़ी में विद्याधर नगर सेक्टर 6 में समाजसेविका एवं पूर्व प्रिंसीपल पारीक कॉलेज बीना शर्मा ने अपने निवास पर सात दिवसीय शिव पुराण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चों ने सात दिन तक कथा श्रवण की। कार्यक्रम के अंतिम दिन भगवान की आरती उतार कर सभी को प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा के अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी, अग्रिम पंक्ति में रहने वाले समाज सेवी नगेन्द्र वशिष्ठ, बजरंगलाल अग्रवाल, गुंजन शर्मा, सपना सोनी, मधु गांधी, माया चेतानी, चेतना शर्मा, सुजाता पारीक, अंजु पारीक एवं सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## स्व. इन्द्रपाल सिंह चौधरी की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** स्वतंत्रता दिवस एवं स्व. इन्द्रपाल सिंह चौधरी की पुण्य तिथि पर मुरलीपुरा स्कीम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में 395 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह रक्त जीवन से संघर्ष कर रहे बीमार लोगों की जिंदगी बचाने के काम आएगा। रक्तदानवीरों के उत्साहवर्धन के लिए एक सर्टीफिकेट एवं 10 लीटर का कैम्पर दिया गया। शिविर में राजाराम मील, सुरेश चौधरी, सीताराम आग्रवाल, मंजू शर्मा, विष्णु प्रतापसिंह, अंकित धायल, विजयदीप तामड़िया, रविशंकर शर्मा, गुलाब इंदौरा, श्रीलाल साधवानी, लोकचंद हरिरामानी, भवानी सिंह राठौड़, स्थानीय पार्षदगण एवं विभिन्न समितियों के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

**उपखंड स्तर पर पहली बार हुआ ऐतिहासिक कार्यक्रम**

## रींगस में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**एसडीएम राकेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**रींगस।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल स्टेडियम में 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन उपखंड अधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में हुआ, कार्यक्रम में किसान आयोग अध्यक्ष व खंडेला विधायक महादेव सिंह खंडेला मुख्य अतिथि रहे। रींगस तहसीलदार सुमन चौधरी, डीवाईएसपी महावीर सिंह मीणा, थाना अधिकारी महेंद्र सिंह, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी हरिनारायण यादव व जिला परिषद सदस्य प्रियंका बाजिया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे। उपखंड अधिकारी ने झंडारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। कस्बे के सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों की ओर से शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन किया गया। पहली बार आयोजित हुए उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में उपखंड क्षेत्र की 34 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कस्बे सहित आसपास के गांवो के जनप्रतिनिधि सहित हजारों लोग मौजूद रहे।



## उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस, बच्चों को बांटी मिठाईयां एवं स्टेशनरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर सेक्टर 4 स्थित रानीजी की बावड़ी, प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी स्कूल जेपी कॉलोनी में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। झंडारोहण संजय सपरा भामाशाह (सेवानिवृत्त अधिकारी बैंक) ने किया। इसी प्रकार लाइब्रेरी में भी स्वतंत्रता दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। लाईब्रेरी प्रांगण में झंडारोहण राजकुमारी राठौड़ एवं समाजसेवी जनप्रतिनिधि हरिओम सिंह ने किया। संस्था प्रधान सुखदेव भास्कर ने संविधान की उद्देशिका एवं मूल कर्तव्यों का वाचन एवं शपथ ग्रहण करवाया। झंडारोहण के बाद बच्चों को मिठाईयां, स्टेशनरी, टॉफी आदि का वितरण किया गया। झंडारोहण के बाद आगंतुक अतिथियों ने बच्चों को बताया कि हम स्वतंत्रता दिवस क्यों मनाते हैं। इस अवसर पर समाजसेविका राजकुमारी राठौड़ ने कहा कि इस समय भारत महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। उर्मिला मिश्रा ने कहा कि बच्चों को मां-बाप एवं गुरु की सेवा एवं आज्ञापालन करना चाहिए। इसी तरह राधा मोदी ने बच्चों के समक्ष अध्ययन करने संबंधी विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सुनीता, प्रतिमा मोदी, गायत्री मिश्रा एवं रंजीता सहित अनेक गणमान्य नागरिक और मातृशक्ति उपस्थित थीं।

### राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन बान ओर शान के साथ फहराया गया



**रींगस @ जागरूक जनता।** कस्बे में 77 वे स्वतंत्रता दिवस समारोह के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं पर आन बान और शान के साथ फहराया गया। उपखण्ड कार्यालय में एसडीएम राकेश कुमार, तहसील कार्यालय में तहसीलदार सुमन चौधरी, नगरपालिका में अधिशासी अधिकारी हरिनारायण यादव, डीवाईएसपी कार्यालय में डिप्टी महावीर सिंह मीणा, पुलिस थाने में सीआई महेंद्र सिंह, सीएचसी में चिकित्सा अधिकारियों व सहायक ग्रामोदय विधा पीठ छात्रावास में आचार्य राजेंद्र निब्बाण शांति शिक्षा विभाग सूरतगढ़ द्वारा तिरंगा फहराया गया।

### 3 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू

**रींगस @ जागरूक जनता।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में सभी संकायों की नवागन्तुक प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए आज से तीन दिवसीय (16 से 18 अगस्त) ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू किया गया। आज दिनांक 16 अगस्त को विज्ञान संकाय की प्रथम वर्ष की छात्राओं को विभिन्न क्लब, समिति व सेन्टर के उद्देश्य से अवगत करवाया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालय की आचार संहिता की जानकारी दी गयी। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में करते हुए छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये सह-शैक्षणिक गतिविधियों का महत्व प्रतिपादित किया और उनको सभी गतिविधियों में अधिकाधिक भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल ने महाविद्यालय के शिकायत निवारण, रैगिंग विरोधी, आंतरिक परिवाद प्रकोष्ठ की जानकारी दी।

**यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम)**

# "आर्टिफिशल इंटेलिजेंस- वरदान या अभिशाप" संगोष्ठी आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर/चौमूं।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर में अकादमिक बिल्डिंग-I, यूईएम कैंपस, जयपुर के बेसमेंट सभागार में "आर्टिफिशल इंटेलिजेंस - वरदान या अभिशाप" पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता डेटा इंजिनियस ग्लोबल लिमिटेड के सीईओ और संस्थापक डॉ. अजय डेटा रहे। डॉ. डेटा ने "आर्टिफिशल इंटेलिजेंस" के विभिन्न उपयोगों और जनता के सामान्य जीवन में इसके व्यापक उपयोग पर विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को एआई आधारित मॉडलों और अनुप्रयोगों के उपयोग से संबंधित अच्छी और सबसे खराब योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र के उद्योग जगत के नेताओं के साथ "नैतिक और जिम्मेदार एआईः लाभकारी भविष्य की राह पर चलना" पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गयी। पैनल डिस्कशन कार्यक्रम में मुकेश चौधरी- संस्थापक एवं सी.ई.ओ. साइबरॉप्स, मनीष कुमावत -आरएसएम यूएस एलएलपी में प्रबंधक, पुलिस ट्रेनर, प्रतीक अग्रवाल, इन्फोओब्जेक्ट्स इंक में टीम लीड, मुनेश जादौन- सीईओ जेडनेट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, डॉ एन सी निठारवाल- निदेशक - जनकल्याण एंड जे के हॉस्पिटल, अभिषेक गोयल- सोशलवेन्स के संस्थापक और सीटीओ एवं पैनल मॉडरेटर - प्रो. (डॉ.) विश्वजॉय चटर्जी, कुलपति, यूईएम जयपुर रहे। उक्त सेमिनार में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षकों के साथ-साथ इंजीनियरिंग और अन्य पाठ्यक्रमों के 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने संगोष्ठी की सराहना की और अपने कई प्रश्नों का समाधान किया। इस सेमिनार का फोकस उस प्रभाव के विश्लेषण पर होगा जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, 3डी प्रिंटिंग, ब्लॉकचैन और क्रिप्टोग्राफी, रोबोटिक्स, मेटावर्स आदि का असर जॉब मार्केट पर पड़ेगा। यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्किंग के लिए एक उत्कृष्ट मंच भी प्रदान करेगा। सेमिनार के साथ ही इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी आयोजित की गयी जिसमे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआर/वीआर, रोबोटिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटर, ड्रोन आदि पर आधारित प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में प्रो डॉ प्रदीप कुमार शर्मा -रजिस्ट्रार, प्रो डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी -डीन व अनेको विभागों के प्रमुखो के साथ साथ शिक्षक व स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहें।



R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23

# चन्द्रयान-3 का चौथा चरण पूरा, पहुंचा चन्द्रमा के करीब

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चेन्नई।** भारत का तीसरे चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 बुधवार सुबह चौथा चरण पार कर अपनी मंजिल के और करीब पहुंच गया। चंद्रयान के लिए यह प्रक्रिया काफी अहम थी और कल (17 अगस्त को) चन्द्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने जानकारी दी कि चंद्रयान-3 ने सफलतापूर्वक चांद की कक्षा के एक और गोलाकार चरण को पूरा कर लिया है और अब वह चांद के और करीब वाली कक्षा में पहुंच गया है। चंद्रयान-3 अब चांद के चौथे ऑर्बिट में प्रवेश कर गया है। चंद्रयान अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह से सिर्फ 163 किमी दूर है। इसरो ने कहा कि अब तैयारियों का समय आ गया है क्योंकि प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अपनी अलग-अलग यात्राओं के लिए तैयार हैं। आज चंद्रयान-3 एक और कक्षा लांघ कर चांद के और करीब पहुंच गया। वहीं 17 अगस्त का दिन मिशन के लिए अहम होगा क्योंकि इस दिन चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर से अलग किया जाएगा।

इसरो ने ट्वीट किया, "आज की सफल फायरिंग के बाद चंद्रयान-3 को 153 किमी गुणा 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया है।" इसके साथ ही चन्द्रयान-3 चंद्रमा से जुड़ी एक और प्रक्रिया को पूरा कर आगे बढ़ गया है। इसरो ने कहा, "यह तैयारियों का समय है क्योंकि प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अपनी अलग-अलग यात्रा के लिए तैयार हैं।" 5 अगस्त को चन्द्रयान-3 के चंद्र कक्षा में प्रवेश करने के बाद इस अंतरिक्ष यान ने अब तक के चार चरणों को पार कर लिया है और चन्द्रमा के बेहद करीब पहुंच गया है। इसके बाद 23 अगस्त को चंद्रयान-3 को चांद की सतह पर उतरना है, जिस पर पूरी दुनिया की निगाह होगी।



















संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

### भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हर्षोल्लास से मनाया 77 वां स्वतंत्रता दिवस

# आजादी का अमृत महोत्सव करोड़ों भारतवासियों को गौरवान्वित करता है-सीपी जोशी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय पर 77 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को आजादी के अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं भी दी। समारोह के दौरान संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पूरा देश आज हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। देश को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने के लिए मां भारती के वीर क्रांतिकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। महात्मा गांधी, सरदार पटेल, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, मंगल पांडे और लाला लाजपत राय जैसे अनेकों क्रांतिकारियों ने मां भारती की रक्षा के लिए और भारत की आजादी के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया। आजादी की लड़ाई में शहीद हुए अनगिनत क्रांतिकारियों और आजादी के बाद देश की सीमाओं पर शहीद हुए वीर सपूतों को आज श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करने का दिन है। हम उन वीर शहीदों की आहुति को नमन करते हैं जिनकी गाथाएं इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं है। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''आजादी के अमृत महोत्सव'' में ''हर घर तिरंगा'' के लिए देश की जनता से आह्वान किया था, आजादी के बाद पहली बार यह दृश्य दिखा कि प्रदेश के हर नागरिक ने आन, बान और शान से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को घर-घर फहराने का कार्य किया। वहीं पहली बार देश की जनता ने देखा कि जो पहले राजपथ हुआ करता था वह आज कर्तव्य पथ और मुगल गार्डन अब अमृत उद्यान कहला रहा है। कभी नौसेना के जहाज पर जब अंग्रेजों की पताका फहराती थी, वहां आज शिवाजी महाराज की भगवा पताका लहरा रही है और सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा भी देश को गौरवान्वित कर रही है। भारत के तिरंगे की ताकत आज पूरी दुनिया देख रही है रूस-यूक्रेन युद्ध के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर तिरंगा झण्डा लगी हुई बसें, 20 हजार विद्यार्थियों को सुरक्षित भारत लेकर आई यह भारत के तिरंगे की महत्वता है। प्रधानमंत्री ने पंच प्रण दिए विकसित भारत, एकता और अखंडता, मौलिक अधिकार और कर्तव्यों की विरासत पर गर्व करने के इन पंच प्रणों के साथ देश को आज गर्व होता है। भारत की बढ़ती हुई ताकत एवं अर्थव्यवस्था आज दुनिया की टॉप 5 में शुमार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था सशक्त भारत, दिव्य भारत, स्वस्थ, समृद्ध भारत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सब का प्रयास इस कल्पना के साथ जब देश आजादी का 100 वां वर्ष मनाएगा, तब हिंदुस्तान दुनिया का सिरमौर राष्ट्र होगा। और देश की 140 करोड़ जनता का आशीर्वाद इसमें समाहित है।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस ऐतिहासिक व गौरवशाली क्षण है भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, यह गर्व की बात है आजादी के अमृत महोत्सव के इन वर्षों में देश ने तरक्की के सोपान तय किए और विशेष रूप से पिछले 9 वर्षों में भारत तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था को शिरोधार्य किए हुए हैं। वही देश की बढ़ती हुई जीडीपी व आधारभूत संरचना में क्रांतिकारी परिवर्तन और मानव संसाधन सदुपयोग के कारण अब वह समय ज्यादा दूर नहीं जब हिंदुस्तान पूरी दुनिया का नेतृत्व करेगा।

राठौड़ ने कहा कि आज हमारा सैनिक बल दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य बल है, मजबूत सैन्य ताकत से देश की सीमाएं मजबूत और सुरक्षित हैं, भारत परमाणु शक्ति देशों में शुमार है, अंतरिक्ष क्षेत्र में वैज्ञानिकों के अनुसंधान में भारत का महत्वपूर्ण योगदान हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व से आज गरीब व जन कल्याण के अनेंको कार्य हो रहे हैं, जिससे हिंदुस्तान प्रगति की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रणों को आत्मसात् करने का दिन है। देश परिवारवाद, तुष्टीकरण से मुक्त हो और गुलामी के सारे चिनः समाप्त हो, भारत अधिक से अधिक विकास, प्रगति की और आगे बढ़े इस संकल्प को पूरा करने के लिए संवैधानिक कर्तव्य को पूरा करना चाहिए। स्वतंत्रता दिवस की इस पावन बेला पर उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, जिला अध्यक्ष राघव शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, सरदार अजयपाल सिंह, मुकेश दाधीच, वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी, लोकसभा सांसद रामचरण बोहरा, विधायक अशोक लाहोटी, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, महापौर सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनीत कर्णावट सहित सभी वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहें।



**मुख्यमंत्री ने 8, सिविल लाइंस पर किया ध्वजारोहण**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार को प्रातः सात बजे 8, सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी, कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मी उपस्थित थे।

## जोधपुर-कोलकाता फ्लाइट फिर शुरू

### 11 शहरों के लिए पहली उड़ान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** इंडिगो एयरलाइंस की ओर से जोधपुर कोलकाता फ्लाइट फिर से शुरू की गई है। यह फ्लाइट दोपहर में संचालित होगी। किराया 7 से 8 हजार के मध्य रखा गया है। इंडिगो एयरलाइंस की ओर से जोधपुर-कोलकाता फ्लाइट का संचालन लंबे समय से किया जा रहा था, लेकिन बीते कुछ समय से फ्लाइट को बंद कर दिया गया था। आज से फ्लाइट का संचालन फिर से शुरू हुआ। फ्लाइट जानकारीः फ्लाइट संख्या 6ई-6156 दोपहर 12:30 पर जोधपुर से उड़ान भरकर दोपहर 2:50 पर कोलकाता पहुंचेगी। कोलकाता से जोधपुर फ्लाइट सुबह आई। फ्लाइट संख्या 6ई-6154 सुबह 8:50 पर कोलकाता से रवाना होकर सुबह 11:50 जोधपुर छोड़ेगी।

### 11 शहरों के लिए फ्लाइट

**जोधपुर** से दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, कोलकाता, हैदराबाद, बैंगलूरू, चैन्नई, इंदौर, अहमदाबाद, पुणे व जयपुर के लिए फ्लाइट है।

### जोधपुर बना नया एप्रेन

**जोधपुर** एयरपोर्ट पर नए एप्रेन का कार्य द्रुत गति से चल रहा है। पुराने एप्रेन को बंद करके नए एप्रेन का एक हिस्सा शुरू किया गया है। आने वाले कुछ दिनों में नए एप्रेन का दूसरे फेज का काम शुरू होते ही पूरा एप्रेन ऑपरेशनलाइज कर दिया जाएगा।

## पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**रींगस।** कस्बे के बाईपास रोड स्थित वार्ड नंबर 33 में पेयजल समस्या को लेकर वार्डवासियों में काफी आक्रोश है, बुधवार को एसडीएम कार्यालय पर पूर्व पालिकाध्यक्ष बोधुराम कुमावत के नेतृत्व में वार्डवासियों ने उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर पेयजल समस्या समाधान की मांग की है। पूर्व मनोनीत पार्षद सोहन लाल कुमावत ने बताया कि वार्ड में पिछले 5 वर्ष से पेयजल समस्या है वार्डवासी अपने निजी खर्चे से टैंकर मंगवाकर पानी की व्यवस्था करते हैं, बाईपास रोड़ पर पानी की टंकी बनवाने की मांग की है। उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार ने पेयजल समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है, इस दौरान वार्ड के अनेक लोग मौजूद रहे।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# स्मार्टफोन पाकर महिलाओं के खिले चहरे, पहले दिन 23 मोबाइल वितरण किए

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सरनाऊ।** महंगाई राहत शिविरों के बाद इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कर चुके हैं। सरनाऊ पंचायत समिति परिसर में इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना का प्रथम चरण का मोबाइल वितरण कैम्प का शुभारंभ हुआ। शिविर में पहले दिन 23 महिलाओं को मोबाइल प्रदान किए। कैम्प में विकास अधिकारी हनुमानराम चौधरी ने बताया कि मोबाइल कैम्प में विधवा पेंशन प्राप्त करने वाली महिला, सरकारी स्कूलों में 9 वीं व 12 वीं में पढ़ने वाली छात्राएं और कालेज में पढ़ने वाली छात्राएं, मनरेगा में 100 दिन कार्य पूरे करने वाली महिलाओं, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी के तहत 50 दिन का कार्य करने वाली महिलाएं, आईटीआई पॉलिटेक्निकल की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को दिए जाएंगे।

### छात्राओं के खिले चहरे

पंचायत समिति परिसर में स्मार्टफोन लेने के लिए पहुंची महिलाओं के हाथों में जैसे ही जिला परिषद सदस्य प्रवीण कुमार विश्नोई ने उन्हें स्मार्टफोन प्रदान किया तो लाभार्थी महिलाओं एवं छात्राओं के चहरे खिल उठे। लाभार्थी महिलाओं ने जिला परिषद सदस्य प्रवीण कुमार विश्नोई के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया। इस मौके अतिरिक्त विकास अधिकारी जयकिशन खिलेरी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल बिश्नोई,प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश ढाका, कनिष्ठ सहायक सपना वर्मा,सरपंच प्रतिनिधि बुधाराम गोदारा, सुचना सहायक अनिल चौधरी,ग्राम विकास अधिकारी दिनेश ढाका,श्रवण बुनकर,वसनाराम राठौड़, निर्मला सहित कई अधिकारी व कर्मचारी वितरण व्यवस्था में मौजूद रहें।




### महिला सशक्तिकरण का बनेगा बड़ा माध्यम

**इंदिरा गांधी** स्मार्टफोन योजना का शुभारंभ करते हुए जिला परिषद सदस्य प्रवीण कुमार विश्नोई ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता से किए गए प्रत्येक वादे को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार के फैसले निरंतर इतिहास रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना महिलाओं के सशक्तिकरण का बड़ा माध्यम बनेगी। योजना के माध्यम से प्रदेश की लगभग हर महिला के हाथ में मोबाइल होगा। वहीं स्कूली बच्चियों को मोबाइल मिलने से वह अपने अध्ययन को गति दे पाएंगी।इंटरनेट के माध्यम से बालिकाएं अपने सब्जेक्ट के डाउट क्लियर कर सकेंगी, वहीं महिलाओं के हाथ में खुद का फोन होने से अब उन्हें किसी पर भी निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि योजना के पहले चरण में प्रदेश की 40 लाख महिलाओं को शामिल किया गया है।

## आरएएस 2023 की प्रविष्टियों में संशोधन कल से

**अजमेर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस प्री. परीक्षा-2023 के तहत प्रविष्टियों में संशोधन का अवसर दिया है। अभ्यर्थी 17 से 26 अगस्त नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑनलाइन कर सकेंगे। आरएएस-2023 प्रारंभिक परीक्षा 1 अक्टूबर को होगी।

## जागरूक खबरें



**उत्कृष्ट नर्सिंग कार्य के लिए सोमसिंह मीणा राज्य स्तर पर सम्मानित**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** निदेशालय में 15 अगस्त 2023 को 77 वा स्वतंत्रता दिवस पर सोमसिंह मीना नर्सिंग ऑफिसर ट्रॉमा एवं अस्थि रोग संस्थान एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर को उत्कृष्ठ नर्सिंग कार्य करने पर डॉ रवि प्रकाश माथुर निदेशक (जन स्वास्थ्य) एवं डॉ लोकेश चतुर्वेदी निदेशक (आरसीएच) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए राजस्थान जयपुर के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सोमसिंह मीणा नर्सिंग ऑफिसर 9 वर्ष से एसएमएस हॉस्पिटल में नर्सिंग सेवाए दे रहा है जो पिछले 5 वर्षो से मांस कैजुअलिटी वार्ड में उत्कृष्ट कार्य के साथ पूर्व में कोविड 19 महामारी ब्लैक फंगस आईसीयू ओटी में बेहतर नर्सिंग सेवा के साथ रक्तदान अन्य सामाजिक कार्यों में योगदान देने पर सम्मान प्राप्त किया है साथ ही राज्य स्तरीय सम्मान में सुश्री भारती नर्सिंग अधीक्षक दीपक मंडावत भूपेंद्र मीणा भरत कुमार जाटव नमोनारायण महेश शर्मा सुमन आर्य मनोज मीणा नर्सिंग ऑफिसर एसएमएस हॉस्पिटल को सम्मानित किया गया।

### 4.76 करोड़ से बनेगा बहुमंजिला भवन

# सिरोही में 4.76 करोड़ की लागत से बनेगा मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** संस्था के बहुमंजिला भवन निर्माण कार्य राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से किया जाएगा, जिसके लिए 476 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी हुई है। वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की ओर से विधायक को अभिनन्दन पत्र भेंटकर बहुमान किया गया। इस अवसर पर उप सभापति जितेन्द्र सिंघी, करणसिंह, जितेन्द्र ऐरण, हिम्मत सुथार, कनीराम भील, तेजाराम मेघवाल, प्रकाश प्रजापति, ईश्वरसिंह डाबी, धीरेन्द्र सिंह, पी के मिश्रा, राजेन्द्र पुरोहित सहायक निदेशक, अशोक कुमार परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी आदि मौजूद थे।

### भवन निर्माण का किया शिलान्यास

सिरोही. मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार जिला मुख्यालय पर देवनारायण छात्रावास के पास बेघर, वृद्धजन, कामकाजी महिलाओं, असहाय व निराश्रित व्यक्तियों के लिए अपना घर संस्थान की तर्ज पर मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह का निर्माण होगा। इस बहुमंजिला भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार से 476 लाख रुपए मंजूर हुए हैं। भवन निर्माण का शिलान्यास मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं विधायक संयम लोढ़ा ने सोमवार को पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नगर परिषद के सभापति महेन्द्र मेवाड़ा रहे। इस मौके पर विधायक लोढा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बदलते हुए सामाजिक मूल्यों में वृद्धाश्रम तथा असहाय गृह समाज की नितान्त आवश्यकता है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने बजट में घोषणा की थी। जिसके तहत भवन का शिलान्यास किया गया और शीघ्र ही भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि भारत भूमि पूण्य भूमि है। वृद्धजन समाज की अनूठी धरोहर है, उसकी उचित देखभाल, गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए यह संस्था मील का पत्थर साबित होगी। इसके अतिरिक्त महिलाओं को समाज में संस्कारों की मुख्य धुरी बताते हुए मानव जीवन को अनमोल बताया। संस्थान में आवासितों को निःशुल्क आवास, भोजन, अल्पाहार, फलाहार, वस्त्र, चिकित्सा सुविधा, धार्मिक स्थलों का वार्षिक भ्रमण तथा अन्य बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति की जाएगी। इसके लिए संस्थान को 2500 प्रतिमाह प्रति आवासी मैस भत्ता दिया जाएगा।

# 'सेक्सुअल-वीकनेस' की काउंसलिंग शुरू होगी, देश का पहला इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी एसएमएस में बनेगा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** एसएमएस अस्पताल में अब 'सेक्सुअल-वीकनेस' लेकर काउंसलिंग शुरू होगी। साथ ही इसका निशुल्क इलाज भी किया जाएगा। इसके लिए एसएमएस के चरक भवन में इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी बनेगा। यह इस तरह का देश का पहला इंस्टीट्यूट होगा और इसके लिए 2.81 करोड़ रुपए की स्वीकृति हो गई है। मालूम हो कि अभी केवल लंदन में ही इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी है जिसमें विभिन्न तरह की बीमारियों का इलाज किया जाता है। सेक्सुअल वीकनेस, लेजर ट्रीटमेंट, कॉस्मेटिक प्रोसिजर से कई तरह के चर्म और गुप्त रोगों का इलाज इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी में हो सकेगा। स्किन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक माथुर ने इसका ब्लू प्रिंट तैयार किया है और 5 तरह की थेरेपी और इलाज यहां मिल सकेगा। इनमें सेक्सुअल वेलबिंग, पीआरपी थेरेपी तक शामिल हैं। इससे लोगों को नीम-हकीमों के पास चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र
जी हाँ, यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।
जो दिखेगा वही बिकेगा
आज ही बुक करें विज्ञापन

आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ
विज्ञापन क्लासीफाइड डिस्प्ले प्रॉपर्टी वैवाहिक
विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070

“चलता चलाता कालचक्र
अमृतकाल का भालचक्र
सबके सपने, अपने सपने
पनपे सपने सारे
तीर चले, वीर चले
चले युवा हमारे
नीति सही, रीति नई
गति सही, राह नई
चुनो चुनौती, सीना तान
जग में बढ़ाओ,
देश का नाम”

पीएम ने पढ़ी ये कविता



# लाल किले से बोले PM मोदी, अगले साल फिर आऊंगा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीएम** नरेन्द्र मोदी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अगले पांच बरसों को 'सबसे बड़ा स्वर्णिम पल' करार दिया। उन्होंने देशवासियों का आह्वान किया कि वे इस अवसर को न गंवाएं क्योंकि इस कालखंड में उठाए गए कदम आने वाले एक हजार साल के इतिहास का निर्माण करेंगे। लाल किले से 90 मिनट के संबोधन में मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण को लोकतंत्र की तीन सबसे बड़ी बुराइयां करार देते हुए विपक्षी दलों पर भी वार किया। उन्होंने भरोसा जताया कि अगले साल लाल किले से फिर संबोधित करेंगे और जनता से किए गए वादों की प्रगति पेश करेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले पीएम के रूप में लाल किले से यह मोदी का 10वां और आखिरी संबोधन था। मोदी ने कहा, अगली बार 15 अगस्त को इसी लाल किले से मैं देश की उपलब्धियां पूरे आत्मविश्वास के साथ पेश करूंगा। मोदी ने कहा, गारंटी है आने वाले पांच वर्षों में भारत दुनिया की पहली तीन अर्थव्यवस्थाओं में होगा।

## मोदी के 10वें भाषण की 10 बातें

**1. शुरुआत मणिपुर से**
पीएम ने कहा कि कुछ समय से मणिपुर में हिंसा का दौर चला, कई लोगों को जीवन खोना पड़ा, बहन, बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ हुआ लेकिन कुछ दिनों से वहां से लगातार शांति की खबरें आ रही हैं। उन्होंने भाषण की शुरुआत में ही इस मुद्दे को छुआ।

**2. तीन बुराइयों का ज़िक्र**
मोदी ने कहा कि देश को तीन बुराइयों से लड़ने की जरूरत है। ये हैं भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टीकरण। भ्रष्टाचार ने देश का बुरा हाल किया है। परिवारवाद योग्यता का दुश्मन हैं। तुष्टीकरण ने सामाजिक न्याय को तबाह किया। इनके खिलाफ जंग जारी है।

**3. नई योजनाओं का ऐलान**
पीएम ने कहा कि शहरों में 'अपना घर' का सपना देखने वाले लोगों के लिए सरकार जल्द ही एक योजना लाएगी और इसके माध्यम से बैंक लोन में राहत दी जाएगी। इसके अलावा, पीएम जनऔषधि केंद्रों की संख्या 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी जाएगी।

**4. OBC समुदाय को साधा**
PM ने कहा कि ओबीसी समुदायों को नई ताकत देने के लिए 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के मौके पर 'विश्वकर्मा योजना' शुरू की जाएगी। हम 13-15 हजार करोड़ रुपये से इस योजना को शुरू करेंगे।

**5. परिवारजन शब्द 50 बार**
प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से अपना दसवां भाषण दिया। डेढ़ घंटे के भाषण में उन्होंने लोगों को मेरे परिवारजनों कहकर संबोधित किया। पूरे भाषण के दौरान उन्होंने 50 बार इस शब्द का प्रयोग किया।

**6. महिला शक्ति की बात**
पीएम ने कहा, जब हम गांव में जाते हैं, तो बैंक वाली दीदी, आंगनवाड़ी दीदी और दवाई वाली दीदी मिलेंगी। गांवों में दो करोड़ लखपति दीदी बनाना मेरा सपना है। सरकार महिला स्वयं सहायता समूहों को कृषि-ड्रोन देने के लिए योजना शुरू करेगी।

**7. सत्ता में वापसी के संकेत**
पीएम मोदी ने ऐलान किया कि अगले साल वह फिर से लाल किले पर आएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच साल अभूतपूर्व विकास के हैं। अगली बार 15 अगस्त को लाल किले से मैं आपके सामने देश की तमाम उपलब्धियां पेश करूंगा।

**8. आतंकवाद का दौर गया**
मोदी ने कहा कि सिलसिलेवार बम धमाके अब बीते जमाने की बात हो गई है। देश में अब आतंकवादी हमलों में कमी आई है। आज देश सुरक्षा की अनुभूति कर रहा है। पहले हम आए दिन धमाकों की खबरें सुनते थे, लेकिन आज देश सुरक्षित है।

**9. महंगाई पर भी वार**
प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया महंगाई के बड़े संकट से जूझ रही है। महंगाई को नियंत्रण में लाने के लिए देश में भरसक प्रयास किए गए हैं। जनता के इस बोझ को कम से कम करने के लिए आने वाले दिनों में भी हमारी सरकार का प्रयास जारी रहेगा।

**10. गुलामी से आज़ादी**
पीएम मोदी ने अपने भाषण में गुलामी की तमाम निशानियों से आजादी पाकर आगे बढ़ने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी, मॉडल ऑफ डायवर्सिटी है। विरासत पर गर्व करते हुए हमें उसे संजोते हुए आगे बढ़ना है।



नई दिल्ली में स्वाधीनता समारोह का लाल किले से लिया गया विहंगम दृश्य।

## समारोह में दिखे अलग-अलग रंग

### राजस्थानी पगड़ी ने खींचा सबका ध्यान
इस बार प्रधानमंत्री ने राजस्थान की मारवाड़ी पचरंगी पगड़ी पहनी। पगड़ी को लेकर सियासी हलकों में भी चर्चा रही। राजस्थान में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव हैं। पीएम के राजस्थानी साफे को इसी चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि 2014 से अब तक लालकिले पर पीएम मोदी अधिकांश राजस्थानी पगड़ियों में ही नजर आए हैं।

### खरगे के नहीं आने पर हुआ विवाद

स्वतंत्रता दिवस समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे नहीं पहुंचे। उनकी निर्धारित सीट खाली रही। बीजेपी ने इसे पीएम के साथ देश के समारोह का भी अपमान बताया। खरगे ने कहा, आंखों में कुछ दिक्कत थी। समय नहीं निकाल सके।

### पहली बार स्वदेशी तोपों से दी गई सलामी

स्वतंत्रता दिवस पर इसका प्रमाण भी मिला कि प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' के सपने को साकार करते हुए देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर रहा है। इस बार भी 21 तोपों की सलामी दी गई, लेकिन पहली बार है जब सलामी स्वदेशी तोपों से दी गई। इस साल सलामी देने के लिए स्वदेशी 105 एमएम लाइट फील्ड गनों का इस्तेमाल किया गया।

### NCC कैडेट्स से मिलने के लिए दौड़े
कार्यक्रम खत्म होने के बाद PM मोदी 1100 NCC कैडेट्स से मिलने पहुंचे। कैडेट्स से मिलने के लिए वे वहां बनी सीढ़ियों पर दौड़ते हुए चढ़े। इसके बाद वे खासकर बुलाए गए अतिथियों से मिलने उनकी गैलरी में पहुंचे। वह हर साल भाषण देने के बाद इसी तरह लोगों से मिलने के लिए जाते रहे हैं।

### CJI ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया

पीएम ने सुप्रीम कोर्ट की तारीफ की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की सराहना करते हुए क्षेत्रीय भाषाओं में फैसले उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया। समारोह में मौजूद चीफ जस्टिस ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया।

---

**मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का शुभारम्भ**

# राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को दे रही धरातल-मुख्यमंत्री

- » 1.04 करोड़ से अधिक परिवारों को हर माह मिलेंगे नि:शुल्क अन्नपूर्णा किट
- » दाल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, मिर्च, धनिया, हल्दी फूड पैकेट में शामिल
- » कोविड में आर्थिक सहायता प्राप्त Non-NFSA परिवारों को भी मिलेगा लाभ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को अधिक से अधिक राहत देने की मंशा के मद्देनजर फैसले कर रही है। इसी क्रम में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राज्य में मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का शुभारम्भ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत राज्य में 1.04 करोड़ से अधिक परिवारों को हर माह नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट का वितरण किया जाएगा। गहलोत मंगलवार को बिड़ला सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के शुभारम्भ कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने लाभार्थियों को फूड पैकेट का वितरण कर योजना का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब को केन्द्र में रखकर फैसले ले रही है, जिसकी देशभर में चर्चा है। राज्य सरकार ने सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार कर आमजन को राहत देने का कार्य किया है। जनहित में लाई गई योजनाएं रेवड़ी ना होकर लोकतांत्रिक सरकार का आमजन के प्रति दायित्व है।

### यह होगा नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट में

**प्रदेश** में कोई भूखा न सोए के संकल्प को साकार करने की दिशा में पोस मशीन के माध्यम से वितरित किए जाने वाले इस अन्नपूर्णा फूड पैकेट में एक-एक किलो चना दाल, चीनी व आयोडाइज्ड नमक, एक लीटर सोयाबीन रिफाइण्ड खाद्य तेल, 100-100 ग्राम मिर्च पाउडर व धनिया पाउडर तथा 50 ग्राम हल्दी पाउडर नि:शुल्क मिलेगा।

### कोविड में आर्थिक सहायता प्राप्त परिवारों को भी मिलेगा किट

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अधिकतम लाभार्थियों की सीमा निश्चित करने से कई जरूरतमंद परिवार इसके लाभ से वंचित हैं। कोविड के दौरान निराश्रित परिवारों का सर्वे कर लगभग 32 लाख NFSA एवं Non-NFSA परिवारों को 5500 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई थी। उन्होंने कहा कि जिन Non-NFSA परिवारों को कोविड में आर्थिक सहायता दी गई थी, उन्हें भी अन्नपूर्णा राशन किट योजना में नि:शुल्क राशन किट उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने केन्द्र सरकार से भी आग्रह किया है कि राशन वितरण की अवधि 6-6 माह बढ़ाने के स्थान पर इसे नियमित रूप से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा फूड पैकेट वितरण पर राशन डीलर्स को मिलने वाले कमीशन को 4 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति पैकेट कर दिया गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने राज्य में राशन डीलर्स को टेलिस्कोपिक रेट के आधार पर कमीशन देने एवं पोस मशीन के पेटे राशन डीलर्स से कोई शुल्क नहीं लिए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योजना के पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने अन्नपूर्णा फूड पैकेट के वितरण के लिए समारोह स्थल के पास बनाई गई अस्थाई उचित मूल्य की दुकानों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना पर आधारित शॉर्ट वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

### महंगाई से मिली राहत, जीवन हुआ सुगम

**गहलोत** ने कहा कि राज्य सरकार ने अभिनव पहल करते हुए महंगाई राहत कैम्प लगाकर 10 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को दिया। प्रदेश के 1.84 करोड़ परिवार इन कैम्पों में अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 500 रुपये में गैस सिलेण्डर, 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, मनरेगा योजना में 25 दिवस का अतिरिक्त रोजगार, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 125 दिवस के रोजगार एवं किसानों को 2000 यूनिट तक प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली जैसी योजनाओं से लोगों का जीवन सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना से 1.04 करोड़ घरों का बिजली बिल शून्य हो गया है। अब राज्य सरकार ने फ्यूल सरचार्ज भी समाप्त कर दिया है, जिस पर होने वाला 2500 करोड़ रुपये का खर्च सरकार वहन करेगी। इन्दिरा रसोई योजना के माध्यम से राज्य सरकार जरूरतमंद लोगों को महज 8 रुपये में ससम्मान भोजन उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नये जिले बनाए गए हैं, जिससे प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य तेज गति से होंगे। राज्य में न्यूनतम आय की गारंटी एवं स्वास्थ्य का अधिकार सम्बन्धी कानून बनाए गए हैं, जो देश में अन्यत्र कहीं नहीं है। गिग वर्कर्स के कल्याण एवं सुरक्षा के लिए भी कानून बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिये जाने की पूरे देश में चर्चा है। प्रदेश में 1 करोड़ लोगों को प्रतिमाह न्यूनतम 1000 रुपये सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। साथ ही, इसमें प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत स्वत: वृद्धि का प्रावधान किया गया है। इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 40 लाख बालिकाओं-महिलाओं को नि:शुल्क स्मार्टफोन दिये जाने की शुरुआत हो चुकी है। आगामी 20 अगस्त से शेष 1 करोड़ महिलाओं के लिए पंजीकरण की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि बेहतर वित्तीय प्रबंधन से यह सब संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि शान्ति और भाईचारे के माहौल में ही विकास संभव है। प्रदेश में इसके लिए शान्ति और अहिंसा विभाग की स्थापना की गई है, ताकि आमजन में गांधीवादी दर्शन का अधिक से अधिक प्रसार हो सके।

### मिशन 2030 का बनेगा विजन डॉक्यूमेंट

**गहलोत** ने कहा कि राज्य सरकार 2030 तक राजस्थान को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शुमार करने का विजन लेकर चल रही है। इसमें सभी प्रदेशवासियों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मिशन 2030 को विधिवत रूप से लॉच कर इसका विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े यह हमारा लक्ष्य है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जहां सरकारी योजनाएं जनहित को ध्यान में रखकर लागू की गई हैं। राज्य सरकार की मंशा आमजन को महंगाई की मार से बचाने की है। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि महंगाई से त्रस्त जनता को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने महंगाई राहत शिविर लगाकर गारंटी कार्ड के माध्यम से 10 जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की गारंटी दी। अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि इस योजना से महंगाई की मार कम होगी। राज्य सरकार गुड गवर्नेंस की मिसाल कायम कर रही है। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि यह राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसका विशेष रूप से महिलाओं को लाभ मिलेगा और उन्हें घर चलाने में आसानी होगी। उन्होंने पंजीकरण से शेष रहे लाभार्थियों से भी शीघ्र रजिस्ट्रेशन करवाने का आग्रह किया।

---

**केंद्रीय भेड़ एवं अनुसंधान संस्थान अवीकानगर में मनाया स्वाधीनता दिवस**

# संस्थान हित में करें कार्य-तोमर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**टोंक।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे आमंत्रित अतिथि कन्हैलाल चौधरी स्थानीय विधायक मालपुरा -टोड़ारायसिंह विधानसभा ने मुख्य अतिथि के रूप मे भाग लिया। साथ मे विशिष्ट अतिथियों प्रिंसिपल गिरधर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मालपुरा, ईश्वर सिंह प्रिंसिपल केंद्रीय विद्यालय अविकानगर एवं शिवजी लाल बॉम्बेरवाल आदि ने भी भाग लिया। कार्यक्रम मे पधारे सभी अतिथियों का डॉ. अरुण कुमार तोमर, निदेशक ने संस्थान निर्मित शॉल व ऊन के गुलदस्ते से स्वागत किया गया। समाज सदन अविकानगर की ओर से निदेशक एवं लेडीज क्लब अविकानगर की अध्यक्ष पूनम तोमर का भी डॉ एफए खान व अकेला खान उपाध्यक्ष



लेडीज क्लब द्वारा स्वागत किया गया। इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निदेशक अविकानगर ने मार्च पास्ट की सलामी लेते हुए झंडारोहन किया। निदेशक तोमर ने सभी कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए संस्थान हित मे कार्य करने की प्रेरणा दी। अविशान भेड़, भेड़ की ऊन से निर्मित मूल्य संवर्धित उत्पादो, संस्थान को मिले पेटेंट्स, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संस्थान की 8 तकनीकियों को मिली मान्यता, देशभर के विभिन्न राज्यों व केंद्रशाषित प्रदेश के किसानों को दी जा रही प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी, सफलता पूर्वक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन, संस्थान की एग्री इनक्यूबेटर केंद्र द्वारा किए जा रहे एमओयू एवं देश के विभिन्न वर्ग एवं समुदाय के लिए संस्थान की भारत सरकार की योजनाओं के माध्यम से किए जा रहे प्रसार तकनीकी द्वारा उनत नस्ल के भेड़ -बकरी व खरगोश आदि के साथ उन्नत किस्म की खेती ओर बागवानी पर देश के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रयास के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। अविकानगर संस्थान के विभाग अध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ सारथी मिश्रा, डॉ. जी जी गणेश सोनवणे, मुख्य फाइनेंस एंड अकाउंट ऑफिसर राजकुमार जी एवं संस्थान के अन्य वैज्ञानिक,तकनीकी एवं संयुक्त कर्मचारी ने दोनों दिन के प्रोग्राम में भाग लेकर भरपूर सहयोग किया गया। अविकानगर संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमरसिंह मीना ने दी जानकारी दी।



## जागरूक खबरें

### देश ने वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर देश ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य नेताओं ने राजघाट के समीप उनके समाधिस्थल 'सदैव अटल' पर अपने प्रिय नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस कार्यक म में पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट करके वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। मोदी ने कहा- वाजपेयी के नेतृत्व से भारत को बहुत फायदा हुआ है। उन्होंने भारत की प्रगति को बढ़ावा देने और कई क्षेत्रों में इसे 21वीं सदी में ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं भारत के 140 करोड़ लोगों की तरफ से अटल जी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'

### ■ भाजपा के विशेष सदस्यता अभियान की लॉचिंग 17 से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भाजपा की ओर से विशेष सदस्यता अभियान की लॉचिंग गुरूवार सुबह खंडेलवाल सभा भवन वैशाली सर्किल वैशाली नगर से की जाएगी। इस दौरान भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित कोर कमेटी के सदस्य विशेष सदस्यता अभियान की लॉचिंग करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि विशेष सदस्यता अभियान में प्रदेश के नवमतदाताओं और सदस्यता अभियान से पूर्व में अछूते रहे लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई जाएगी। विश्व के सबसे बडे राजनैतिक दल भाजपा से जुडने को लेकर नवमतदाताओं में उत्सुकता है। विशेष सदस्यता अभियान में ऐसे नवमतदाताओं को अभियान के माध्यम से जोडने पर अधिक जोर दिया जाएगा जो पहली बार अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। भाजपा की ओर से विशेष सदस्यता अभियान से जुडने के लिए टोल फ्री नंबर (8140-200-200) जारी किया गया है।

सीएम गहलोत की घोषणा- अब सिपाही से लेकर इन्सपेक्टर तक के बिना परीक्षा होंगे प्रमोशन

# 1 करोड़ महिलाओं को अगले चरण में मिलेंगे स्मार्टफोन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुलिस प्रमोशन सिस्टम और आम लोगों से जुड़ी कई बड़ी घोषणाएं की। 15वीं बार ध्वजारोहण करने के बाद गहलोत ने पुलिस के प्रमोशन सिस्टम में बदलाव करने का ऐलान करते हुए कहा कि अब सिपाही से लेकर इन्स्पेक्टर तक का प्रमोशन बिना परीक्षा के डीपीसी के जरिए होगा। वहीं, मोबाइल वितरण योजना के दूसरे फेज में 1 करोड़ महिलाओं को मोबाइल दिए जाएंगे और कई सालों से खाली पड़ा जयपुर का रामगढ़ बांध एक बार फिर भरा जाएगा।



### राजभवन में राज्यपाल ने किया ध्वजारोहण

इसके अलावा राज्यपाल कलराज मिश्र सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर राजभवन में ध्वजारोहण किया। वहीं शाम को राज्यपाल की ओर से राजभवन में एट होम कार्यक्रम भी आयोजित होगा। जिसमें सीएम अशोक गहलोत भी शिरकत कर सकते हैं। वहीं, इस बार नए जिलों में स्वतंत्रता दिवस का खासा उत्साह हैं। इसे देखते हुए सरकार ने 15 नए जिलों में ध्वजारोहण की जिम्मेदारी मंत्रियों को दी हैं। जयपुर ग्रामीण व जोधपुर ग्रामीण को छोड़कर बाकि सभी नए जिलों में मंत्री ध्वजारोहण करेंगे।

### पुलिस में अब डीपीसी से होंगे प्रमोशन

सीएम ने पुलिस में सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर तक के प्रमोशन सिस्टम में बदलाव की घोषणा की है। अब पुलिस में सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर तक परीक्षा की जगह विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) के जरिए प्रमोशन होंगे। अभी प्रमोशन के लिए परीक्षा देनी होती है, जबकि दूसरे विभागों में डीपीसी से प्रमोशन होते हैं। सीएम ने राजस्थान पुलिस के 75 साल पूरे होने पर कॉन्स्टेबल से लेकर डीजी तक राजस्थान पुलिस में पंचसती मेडल दिए जाने की घोषणा भी की है।

### 1250 करोड़ में जयपुर के रामगढ़ बांध को ईसरदा से पानी लाकर भरा जाएगा

सीएम ने जयपुर के रामगढ़ बांध को ईआरसीपी के तहत ईसरदा बांध से पानी लाकर भरने की घोषणा की है। इस पर 1250 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रामगढ़ बांध में ईसरदा का पानी लाकर भरने से आंधी, आमेर,चाकसू, गोविंदगढ़, शाहपुरा, विराटनगर, पावटा, कोटपूतली, टोंक अलवर जिले के थानागाजी के लिए पेयजल योजना बनाई जा सकेगी। गहलोत ने कहा कि रामगढ़ बांध सूख गया, अब इसे वापस भरने की योजना पर काम होगा।

### खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित परिवारों को भी मिलेगा फ्री राशन किट

सीएम ने खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित परिवारों को भी फ्री राशन किट योजना से जोड़ने की घोषणा की है। खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित जिन परिवारों को कोरोना में 5500 रुपए मिले थे, उन्हें फ्री राशन किट दिए जाएंगे।

### 1 करोड़ महिलाओं को मिलेंगे अगले फेज में स्मार्ट फोन

सीएम ने 1 करोड़ महिलाओं को अगले फेज में फ्री स्मार्ट फोन देने की पुरानी घोषणा के साथ अब उन महिलाओं को गारंटी कार्ड देने की घोषणा की है। गहलोत ने कहा कि अभी 40 लाख महिलाओं को फ्री स्मार्ट फोन दिए जा रहे हैं। अगले फेज में 1 करोड़ महिलाओं को स्मार्ट फोन मिलेंगे। 20 अगस्त से 1 करोड़ महिलाओं को गारंटी कार्ड दिए जाएंगे, जिन्हें दिखाकर महिलाएं फ्री स्मार्ट फोन ले सकेंगी।

### ईआरसीपी में 53 बांध और जुड़ेंगे, 11 लाख किसानों को फायदा होगा

गहलोत ने ईआरसीपी के 53 और बांधों को जोड़ने की घोषणा की है। गहलोत ने कहा कि ईआरसीपी की डीपीआर में 26 बांध शामिल किए गए थे। वर्तमान डीपीआर में कई गांव वंचित रह गए थे। अब दौसा, सवाई माधोपुर, करौली, भरतपुर और अलवर जिले के 53 बांधों को ईआरसीपी से जोड़कर उन्हें भरा जाएगा। इससे ईआरसीपी की लागत 1665 करोड़ बढ़ जाएगी। इससे 13 विधानसभा क्षेत्र के 11 लाख किसानों को फायदा होगा ।

### घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वालों को अब 10 हजार मिलेंगे

सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करने पर अब 10 हजार रुपए मिलेंगे। सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने और अस्पताल पहुंचाने वालों को अभी चिरंजीवी जीवन रक्षक योजना में 5000 रुपए और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। सीएम ने इसे बढ़ाकर 10 हजार करने की घोषणा की है। कानून व्यवस्था बिगड़ने पर पुलिस की मदद करने वालों को भी इसी तर्ज पर नकद ईनाम और प्रशंसा पत्र देने की स्कीम शुरू होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि हमने जन कल्याण की एक से एक योजनाएं दी हैं। सोशल सिक्योरिटी के लिए मिनि?मम इनकम स्कीम गारंटी कानून लागू कर दिया है। वहीं, पीएम मोदी से भी देश भर में सोशल सिक्योरिटी कानून लागू करने की मांग की है।

### जनता से सुझाव लेगी सरकार

सीएम ने कहा कि राजस्थान सरकार अगले 2 महीने तक मिशन 2030 का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए जनता से सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 2030 तक राजस्थान को 35 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनाना है। इसलिए मिशन 2030 के लिए जनता सुझाव दें। हमने जब सत्ता संभाली तब राजस्थान की 9 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था थी, अब यह 14 लाख करोड़ की है।

# एक दिवसीय रुद्री व पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**जयपुर।** मानसरोवर कॉलोनी के अयोध्या पथ स्तिथ श्री लाल हनुमान मंदिर में रविवार को एक दिवसीय रुद्री एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ शीला सरार्फ, ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में 108 जोड़ो द्वारा बड़ी संख्या मे रुद्रियों का निर्माण किया जबकि भगवान शिव का एक बड़ा शिवलिंग निर्माण कर मुख्य यजमान मनोज कुमार गुप्ता द्वारा सपरिवार महाभिषेक किया गया। कार्यक्रम के ब्रह्मा उपाचार्य पंडित गजानंद शर्मा, ऋग्वेदीय पंडित गिरधर गौत्तम बूंदी वालो के द्वारा पूरे विधि विधान से शिवलिंग की पूजा अर्चना और महाभिषेक करवाया गया इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भजन कीर्तन भी किया पुरी कॉलोनी हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी। इस दौरान श्री लाल हनुमान मंदिर की ओर से सभी भक्तों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धर्मेश शर्मा,पंडित रामावतार शर्मा, विमल राणा, वंशिता गुप्ता, पंडित अंकित शर्मा, संदीप जैन, रामबाबू शर्मा, सरोज शर्मा, मनोज गुप्ता सहित गणमान्य विद्धवान उपस्थित रहे।कार्यक्रम समाप्ति पर महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगो ने प्रसादी ग्रहण की।

# औद्योगिक संस्थान जे.के. सीमेन्ट जिला एवं उपखंड स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**निम्बाहेड़ा।** प्रमुख सीमेन्ट उत्पादक कंपनी जेके सीमेंट के यूनिट हेड आरबीएम त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं सीएसआर हेड प्रभाकर मिश्रा के दिशा निर्देशन में सी.एस.आर. के तहत जे.के. सीमेन्ट द्वारा संचालित पशु नस्ल सुधार योजना में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वतंत्रता दिवस अवसर पर आयोजित चित्तौड़गढ़ जिला एवं निम्बाहेड़ा उपखण्ड स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय एवं उपखण्ड स्तरीय समारोह में प्रदेश के सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना जिला कलेक्टर पीयूष सांमरिया ने जे.के. सीमेन्ट सीएसआर के तहत जेके द्वारा संचालित पशु नस्ल सुधार योजना के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, प्राथमिक उपचार सहित लंपी रोग के समय प्रशंसनीय सेवाओं के लिए सीएसआर विभाग के मनीष शर्मा तथा निंबाहेड़ा में आयोजित उपखंड स्तरीय समारोह में पुलिस उपाधीक्षक बेनी प्रसाद मीणा, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष पुरण अंजना, नगरपालिका अध्यक्ष सुभाष शारदा ने जे.के. सीमेन्ट को उपखण्ड स्तर पर भी सम्मानित किया गया।



स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 40 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

# जिला कलक्टर ने किया उपनिदेशक मीणा, सूचना एवं जनसम्पर्क का किया सम्मान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित जिला कलक्ट्रेट परिसर में झंडारोहण किया। इस मौके पर जिला प्रशासन एवं जिला स्तरीय अधिकारियों सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला कलक्टर ने उल्लेखनीय कार्य संपादित करने के लिए जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के उपनिदेशक मानसिंह मीणा सहित विभिन्न विभागों के 40 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। कलक्टर ने कहा कि इस सम्मान से ना केवल अधिकारियों के मनोबल में अभिवृद्धि होगी साथ ही अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कौशल एवं प्रतिभा से काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

भाजपा का बूथ मजबूत अभियान

# बूथ विजय संकल्प अभियान के लिए नमो वॉलंटियर्सको दिए टिप्स

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के दिशा निर्देशानुसार बिलाड़ा विधानसभा के कार्यक्रम सहसंयोजक आदित्य कच्छावाह ने बताया कि बूथ विजय संकल्प एवं नमो वालंटियर की कार्यशाला के साथ भारत के पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर स्थानीय हिंदू महासभा भवन में देहात जिला अध्यक्ष जगराम बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश महामंत्री जगबीर छाबा व प्रदेश मंत्री डॉ महेंद्र कुमावत ने संगठनात्मक चर्चा के साथ बूथ विजय के सूत्र बताएं तथा संपूर्ण विधानसभा का मण्डल वार बूथ समिति, शक्ति केंद्र, नमो वॉलिंटिर्य, एवं मंडल पदाधिकारी का भौतिक सत्यापन किया।

कार्यक्रम में पाली सांसद पीपी चौधरी, जिला अध्यक्ष जगराम बिश्नोई, प्रदेश आईटी सेल विभाग के संयोजक धनराज सोलंकी ने कार्यकर्ताओं से व्यक्ति विशेष को छोड़ कमल के फूल के निशान को विजय बनाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला महामंत्री सोहन चौधरी,उपाध्यक्ष दयाराम सेल, शिवचरण बिश्नोई,मंडल अध्यक्ष रामकिशोर भूतड़ा, दुलीचंद सोनी,महेंद्र सिंह कच्छावाह, चिमना राम टाक, प्रभाकर टाक सुरेश बाबल, सुनीता कच्छावाह, मनोहर लाल सोनेल, प्रगति कुमारी, अरविंद सोनेल, सुमित्रा बिश्नोई, लादूराम जंजावत, गणपत राम चौधरी, राम प्रकाश चौधरी, उदाराम बिश्नोई, कमलेश चौधरी,धर्मवीर कीर, दिलखुश जिनगर, देवाराम जांगिड़, गजेंद्र सिंह राजपुरोहित, संजय अरोड़ा, हरिशंकर भूतड़ा, असलम छिपा, सी.पी.मारोठिया, शांतिलाल काकरिया, सुरेंद्र टाक, मगराज पुरोहित, कल्याण राम कच्छावा,पारस छिपा, जेठाराम सांखला, बंसीलाल लखारा, दिनेश सोलंकी, सुरेश टाक, जितेंद्र प्रजापत, लक्ष्मण परिहार, पप्पू राम गहलोत, रामनिवास गहलोत, कैलाश सेन, गुरु बख्श, नंदकिशोर छिपा, सतार तेली, पीयूष शर्मा, मीनाक्षी टाक, गोमती देवी, सुंदर देवी पुरोहित, चंपालाल खटीक, खिवराज जीनगर, धर्मेंद्र गहलोत, महेंद्र कच्छावाह, सीताराम सोलंकी, उदाराम टाक, बिहारीलाल जीनगर, जेठाराम मारोठिया, लूणाराम मारोठिया, तेजाराम सांखला, भवानी सिंह कच्छावा, रामकिशोर कच्छावा, सत्तार खोखर, सलाम कुरेशी, भोमाराम सांखला, भोमाराम चौहान, विजय चौहान,शिवराज सिंह खेजड़ला, जयनारायण जांगिड़, जगदीश दवे, कल्याण राम टाक, सत्यनारायण आचार्य, कालू सिंह, वीरेंद्र गोदारा, रमेश बिश्नोई, संपत टाक,वीरम राम टाक, माही टाक, विक्रम, सुरेश जीनगर, राजपाल सांखला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' थीम पर मनाया स्वाधीनता दिवस

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** एस. एस. जैनसुबोध शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में सांगानेर कैम्पस में सुबोध की सभी संस्थाओं का स्वाधीनता समारोह 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसमें मुख्य अतिथि राजस्थान के इतिहास में 72 वर्षोंमें एकमात्र कपल जो कि राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधिपति के पद पर आसीन हैं न्यायाधिपति महेंद्र गोयल व उनकी धर्मपत्नी न्यायाधिपति शुभा मेहता रहे। स्वाधीनता दिवस के इसभव्य आयोजन में सुबोध शिक्षा समिति द्वारा संचालित संस्थाओं के एनसीसी स्काउट कैडेटों द्वारा मार्च पास्ट किया गया व मुख्य अतिथि द्वारा झंडारोहण करने के बाद, परेड का निरीक्षण किया एवं कैडेटस ने सलामी दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गतसुबोध संस्थाओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों मेंउत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को स्वाधीनता दिवस मनाए जाने के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए देश एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मानद मंत्री सुमेर सिंह बोथरा साहब ने स्वागत उद्बोधन में सुबोध द्वारा विद्यार्थियों में नैतिक, चारित्रिक गुणों को विकसित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। सहमंत्री विनोद लोढ़ा साहब ने सुबोध की सभ संस्थाओं का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संस्था के अध्यक्ष नवरत्न कोठारी साहब ने भारत के बदलते परिदृश्य पर अपने विचार व्यक्त किए। सुबोध प्रबंध समिति के सभी सदस्य डॉ. राकेश हीरावत, मधुमोदी, वीणाजामड, राजेंद्रजैनराजा, जितेंद्रजीपटवा एवं प्रमोद दरड़ा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अंत में विनय चंद डागा साहब द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

ANCHOR | चन्द्रयान-3

# चौथी बार बदली ऑर्बिट, गोलाकार कक्षा में आया यान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बेंगलुरु।** इसरो ने 16 अगस्त को चौथी बार चंद्रयान-3 की ऑर्बिट बदली। यान अब चंद्रमा की 153 Km X 163 Km की करीब-करीब गोलाकार कक्षा में आ गया है। इसके लिए इसरो के वैज्ञानिकों ने सुबह करीब 08:30 बजे यान के थ्रस्टर कुछ देर के लिए फायर किए। इससे पहले चंद्रयान 150 Km & 177 Km की ऑर्बिट में था। 153 Km X 163 Km की ऑर्बिट का मतलब है कि चंद्रयान ऐसी कक्षा में घूम रहा है जिसमें उसकी चंद्रमा से सबसे कम दूरी 153 चद्र और सबसे ज्यादा दूरी 163 किलोमीटर है। अब 17 अगस्त चंद्रयान के लिए काफी अहम दिन है। इस दिन इसरो चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर से अलग करेगा। 23 अगस्त को लैंडिंग होगी। चंद्रयान में लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल हैं। लैंडर और रोवर चांद के साउथ पोल पर उतरेंगे और 14 दिन तक प्रयोग करेंगे। प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रमा की कक्षा में रहकर धरती से आने वाले रेडिएशन्स का अध्ययन करेगा। लैंडर और रोवर चांद पर पानी की खोज करेंगे।

## अब 17 अगस्त को लैंडर और प्रोपल्शन मॉड्यूल अलग होंगे

### 5 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा था यान

22 दिन के सफर के बाद चंद्रयान 5 अगस्त को शाम करीब 7:15 बजे चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा था। तब यान चंद्रमा की ग्रैविटी में कैप्चर हो सके, इसके लिए उसकी स्पीड कम की गई थी। स्पीड कम करने के लिए इसरो वैज्ञानिकों ने यान के फेस को पलटकर थ्रस्टर 1835 सेकेंड यानी करीब आधे घंटे के लिए फायर किए। ये फायरिंग शाम 7:12 बजे शुरू की गई थी।

### चंद्रयान ने चांद की तस्वीरें कैप्चर कीं

चंद्रयान ने जब पहली बार चंद्रमा की कक्षा में एंट्री की थी तो उसकी ऑर्बिट 164 Km & 18,074 Km थी। ऑर्बिट में प्रवेश करते समय उसके ऑनबोर्ड कैमरों ने चांद की तस्वीरें भी कैप्चर की थीं। इसरो ने अपनी वेबसाइट पर इसका एक वीडियो बनाकर शेयर किया। इन तस्वीरों में चंद्रमा के क्रेटर्स साफ-साफ दिख रहे हैं।

### मैं चंद्रयान-3 हूं...मुझे चांद की ग्रैविटी महसूस हो रही है

मिशन की जानकारी देते हुए इसरो ने ङ्ग पोस्ट में चंद्रयान के भेजे मैसेज को लिखा था, 'मैं चंद्रयान-3 हूं... मुझे चांद की ग्रैविटी महसूस हो रही है।' इसरो ने यह भी बताया था कि चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया है।' 23 अगस्त को लैंडिंग से पहले चंद्रयान को कुल 4 बार अपनी ऑर्बिट कम करनी है। वो रविवार को एक बार ऑर्बिट कम कर चुका है।

## जागरूक खबरें

### ■ चिकित्सा अधिकारी डॉ जितेंद्र यादव उपखण्ड स्तर पर हुए सम्मानित



**रींगस @ जागरूक जनता।** कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सर्जन डॉ जितेंद्र यादव को सराहनीय सेवाओं पर 15 अगस्त को रींगस उपखण्ड स्तर पर किसान आयोग अध्यक्ष व खण्डेला विधायक महादेव सिंह व एसडीएम राकेश कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कोरोना काल के दौरान डॉ यादव ने अगस्त 2020 में कार्यभार ग्रहण किया था, कार्यभार ग्रहण करने के बाद कई सालों से बंद पड़े सीएचसी के ऑपरेशन थिएटर को चालू करवाया, साथ ही सीएचसी में ऑपरेशन करना भी प्रारंभ किया। कम संसाधनों के बाद भी अब तक डॉ यादव 600 से अधिक सफल ऑपरेशन कर चुके हैं। डॉ यादव को सम्मान मिलने पर कस्बे के अनेक लोगों ने बधाई दी है।

### ■ जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम 17 अगस्त को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जयपुर जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम 17 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला परिषद के सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें स्थानीय सांसद विधायक जिला प्रमुख एवं महापौर भाग लेंगे। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव एवं जिला प्रभारी सचिव भी भाग लेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

### ■ भावेश जैन को मिली केकड़ी विधानसभा से अहम ज़िम्मेदारी

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफार्म डिपार्टमेंट विभाग की विधानसभा की कार्यकारिणी में केकड़ी विधानसभा से भावेश जैन को अध्यक्ष नियुक्त किया गया भावेश जैन लगातार कांग्रेस संगठन के लिये कार्य कर रहे है और उनकी मेहनत को देखते हुवे उन्हें विधानसभा से अहम ज़िम्मेदारी दी गई है साथ ही भावेश जैन न कहा की हम जल्द ही हमारी कार्यकारिणी घोषित कर आगामी चुनाव में सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस संगठन को मज़बूत करेंगे।

## कैबिनेट के फैसले- 3 लाख से ज्यादा आबादी वाले 100 शहर कवर होंगे, कामगारों को एक लाख का लोन मिलेगा

# केंद्र चलाएगा 10 हजार e-bus

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** कैबिनेट ने बुधवार 16 अगस्त को विश्वकर्मा योजना को मंजूरी दे दी। इसके जरिए देश के छोटे कामगारों को लोन से लेकर स्किल डेवलप करने में मदद मिलेगी। इस स्कीम पर 5 साल में सरकार के 13,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। विश्वकर्मा योजना का लक्ष्य बुनकर, सुनार, लोहार, कपड़े धोने का काम करने वाले, नाई आदि को सशक्त बनाना है। इसके अलावा पीएम ई-बस सेवा के तहत 10,000 बसों को चलाने की भी मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि पीएम ई-बस सेवा योजना पर 57,613 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें से 20,000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार और शेष राज्य सरकारें देंगी। इसके तहत देश भर में लगभग 10,000 नई इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बसों का संचालन होगा। यह योजना 3 लाख और उससे अधिक आबादी वाले 169 शहरों को कवर करेगी। इस योजना से 45,000-55,000 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है।

### 32,500 करोड़ की 7 रेल परियोजनाओं को मंजूरी

**कैबिनेट** ने रेल मंत्रालय की सात परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस पर लगभग 32,500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर का विस्तार करेंगी। ये नई रेलवे परियोजनाएं नौ राज्यों- यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना के 35 जिलों को कवर करेंगी।

### डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के विस्तार को मंजूरी

**कैबिनेट** ने डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के विस्तार को भी मंजूरी दी। इस पर 14,903 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डिजिटल इंडिया ने आईटी प्रोफेशनल्स के स्किल लेवल में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत 5.25 लाख आईटी प्रोफेशनल्स को रीस्किल और अपग्रेड किया जाएगा। 2.65 लाख लोगों को आईटी में ट्रेंड किया जाएगा। नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत 18 सुपर कंप्यूटर तैनात किए जा चुके हैं। अब इसमें नौ और सुपर कंप्यूटर जोड़े जाएंगे।

## मुख्य सचिव ने ली राजस्थान-मिशन 2030 अभियान की समीक्षा बैठक

# राजस्थान मिशन 2030 वेब पोर्टल 31 को होगा लांच

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने शासन सचिवालय में राजस्थान-मिशन 2030 अभियान के कुशल संचालन के लिए समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से 30 सितम्बर, 2023 तक चलने वाले राजस्थान-मिशन 2030 अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु मुख्यमंत्री राजस्थान आर्थिक सुधार सलाहकार परिषद के नेतृत्व में विकसित राजस्थान 2030 का दस्तावेज तैयार किया जायेगा। इस दस्तावेज में राज्य के प्रबुद्धजनों, विषय विशेषज्ञों, हितधारकों, युवाओं तथा समाज के सभी वर्गो के सुझावों उनकी आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान मिशन 2030 का विजन डॉक्यूमेन्ट तैयार करने में विभागीय स्तर पर गहन परामर्श (इंटेंसिव कंसल्टेशन), फेस टू फेस सर्वे, आई वी आर सर्वे, स्कूलों-कॉलेजों में निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन, जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट की तर्ज पर वीडियो कांटेस्ट का आयोजन, प्रभावशाली समूहों के साथ संवाद स्थापित किये जायेंगे। उषा शर्मा ने कहा कि सभी विभाग प्रतिबद्ध होकर आपसी सामंजस्य के साथ एक नियत योजना के तहत इस अभियान को सफल बनायें। बैठक में आयोजना विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा ने कहा कि राजस्थान मिशन 2030 अभियान के संदर्भ में आम जन के विकास एवं खुशहाली में सरकार की जनता के प्रति एवं जनता की सरकार के प्रति क्या भूमिका हो इस पर भी सुझाव आमंत्रित किये जायेंगे।

## आई.एफ.डब्ल्यू.जे. का 27वां जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन सफलता पूर्वक सम्पन्न

# सरकार पत्रकारों के हितों को लेकर सजग है-धणदे

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जैसलमेर।** जिला मुख्यालय पर होटल मैरियट में आई एफ डब्ल्यू जे (इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट) का 27वां जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन जैसलमेर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में जैसलमेर विधायक रूपाराम धणदे ,बीएसएफ डीआईजी योगेंद्र सिंह राठौड़ ,जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता, एसपी विकास सांगवान ,पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर , आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित रहें।कार्यक्रम का आगाज अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात संगठन के प्रवक्ता श्रीकांत व्यास ने सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम में पहुँचे तमाम अतिथियों व जिलेभर के पत्रकारों का स्वागत किया व प्रदेशभर के पत्रकारों की सबसे बड़ी मांग पत्रकार सुरक्षा कानून की ओर प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राठौड़ ने संगठन का परिचय देते हुए बताया कि गुटनिरपेक्ष दुनिया में सबसे बड़े पत्रकार संगठन के रूप में इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की स्थापना 28 अक्टूबर 1950 को नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर हुई। आजादी के बाद स्वतंत्र भारत में श्रमजीवी पत्रकारों के हितार्थ कार्य करने वाला यह देश का सबसे बड़ा पंजीकृत ट्रेड यूनियन संघ है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में 30,000 से अधिक प्राथमिक एवं सहयोगी सदस्य 35 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में साधारण एवं 17 भाषाओं में करीब 1260 प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया संवाद समिति और टीवी में कार्यरत है। स्थापना के समय से ही आई.एफ. डब्ल्यू. जे. राजस्थान इकाई भी पत्रकारों के हितार्थ सदैव संघर्षशील रही है। आई. एफ. डब्ल्यू.जे. देशभर में एकमात्र ऐसा संगठन है जिसकी इकाईयां और शाखाएं हर नगर, कस्बे और प्रकाशन केन्द्र में है। आई.एफ. डब्ल्यू. जे. के पारस्परिक संबंध 47 राष्ट्रों की पत्रकार यूनियनों से है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन जिनेवा व यूनेस्को से जनसंचार विकास के अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की विभिन्न योजनाओं के साथ आई.एफ. डब्ल्यू. जे. सक्रियता से जुड़ा है। यह कोलम्बो स्थित एशियाई पत्रकार यूनियनों के परिसंघ से सम्बद्ध है।प्रदेश में पत्रकारों का आपसी सम्पर्क व परिचय बढ़ाने की दृष्टि से संभाग स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने के पश्चात, अब जिला स्तर पर सम्मेलन किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में स्वतंत्रता दिवस पर जैसलमेर इकाई द्वारा 27वां जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया हैं। जिसमें जिलेभर के पत्रकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अतिथियों को जैसलमेर जिला इकाई के पत्रकारों द्वारा माला व साफा पहनाकर, शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत व सम्मान किया गया। जैसलमेर की पत्रकारिता में विशेष योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया। जिनमें श्यामसुंदर व्यास, बनारसी लाल व्यास, दीनदयाल तंवर, हरदेव सिंह भाटी ,ओमजी बिस्सा, जयनारायण भाटिया,विमल भाटिया, ओम भाटिया, शांतिलाल बोहरा, चंद्रप्रकाश पुरोहित,जुगल बिस्सा, अचलदास डांगरा, आर के व्यास का साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर कर उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मान किया गया।साथ ही गणमान्य लोगों में जितेन्द्र सिंह राठौड़, कैलाश कुमार व्यास, अर्जुनदास चांडक,पार्षद लीलाधर दैया,खटन खान, पार्षद नरपत सिंह भाटी का भी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।सम्मेलन में जैसलमेर विधायक रूपाराम धणदे ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए विश्वास दिलाया कि उनकी सरकार पत्रकारों के हितों को लेकर सजग है और विभिन्न माध्यमों से पत्रकारों के लिए काम कर रही है।आगामी दिनों में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर भी राज्य सरकार में विशेष पैरवी करने की बात कही। डीआईजी योगेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में सीमा प्रहरियों की ही तरह पत्रकारों को भी आंतरिक व्यवस्था का प्रहरी बताया और साथ ही कहा कि देश की आन बान और शान इसके सम्मान की हर तरह से रक्षा का ध्यान भी अपनी लेखनी के माध्यम से रखने की कही। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए उनके जयपुर पदस्थापन के दौरान कैमरों के इंश्योरेंस करें जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारों की महत्ती भूमिका रही है जिसे वर्तमान पत्रकारों को जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाना है।

पुलिस अधिक्षक विकास सांगवान ने पुलिस व पत्रकार के अटूट सम्बन्ध ,सूचनाओं के आदान प्रदान में सच्चा साथी बताया उन्होंने कहा कि पत्रकारों का सूचना तंत्र पुलिस के सूचना तंत्र की तरह ही मजबूत है इसलिए आपसी तालमेल से व्यवस्था सुदृढ़ करने में सहयोग मिलता है। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष गणपत दैया ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों व पत्रकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम संचालन पत्रकार सिकंदर शेख व रजत व्यास द्वारा किया गया।वही कार्यक्रम का सोशल मीडिया पर सीधा प्रसारण तनेराव सिंह व उनकी टीम द्वारा किया गया।कार्यक्रम में जैसलमेर जिला मुख्यालय सहित पोकरण , फतेहगढ़ , नाचना , मोहनगढ़ उपखंड के पत्रकार साक्षी रहे।

## बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की पांचवी बैठक: 10 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

# राज्य में 24,681 करोड़ रुपए निवेश के 7 प्रस्ताव मंजूर

### राज्य सरकार की प्रभावी नीतियों से प्रदेश में बढ़ा निवेश और रोजगार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में 24 हजार 681 करोड़ रुपए के निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए 7 परियोजनाओं को कस्टमाइज्ड पैकेज देने की मंजूरी दी है। बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की पांचवी बैठक में मंजूर प्रस्तावों से 10 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। गहलोत ने कहा कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गत साढ़े चार वर्षों में कई महत्वपूर्ण नीतियां एवं कार्यक्रम लागू किए हैं। राजस्थान में एमएसएमई नीति, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स-2019), रिप्स 2022, राजस्थान इंडस्ट्रियल डवलपमेंट पॉलिसी-2019, वन स्टॉप शॉप प्रणाली एवं सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से उद्यमियों एवं निवेशकों को कई तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे प्रदेश में निवेश एवं रोजगार में वृद्धि हुई है।

गहलोत बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर विनिधान बोर्ड (बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट) की पांचवी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिशन 2030 के तहत राजस्थान को अग्रणी राज्यों में शामिल करने का संकल्प राज्य सरकार द्वारा लिया गया है एवं औद्योगिक विकास एवं निवेश में वृद्धि की इसमें अहम भूमिका है। वर्ष 2030 तक राज्य की जीडीपी को करीब ढाई गुना बढ़ाकर 35.71 लाख करोड़ रुपए ले जाने का हमारा लक्ष्य है। वर्ष 2018-19 में प्रदेश की जीडीपी करीब 9 लाख 11 हजार करोड़ रुपए थी जोकि आज करीब 14.14 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए सोलर पार्क लगाए जा रहे हैं। सोलर पार्क में लगने वाले कॉम्पोनेन्ट्स की उत्पादन इकाईयां भी राज्य में लगाए जाने की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी, रोजगार बढ़ेंगे तथा सोलर पार्क लगाने वाली इकाईयों को सुगमता से मॉड्यूल्स व कॉम्पोनेन्ट्स उपलब्ध हो सकेंगे। श्री गहलोत ने औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में उद्यमों को पैकेज, रियायत, छूट तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में आए प्रस्तावों को बोर्ड द्वारा मंजूरी दी गई। अनुमोदित प्रस्तावों में प्रमुख रूप से सोलर सैल एवं मॉड्यूल्स, ऑटो कॉम्पोनेन्ट्स, जूस एवं डेयरी उत्पाद, सीमेंट क्षेत्रों से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि वन स्टॉप शॉप प्रणाली के अंतर्गत निवेश प्रस्तावों को त्वरित स्वीकृति एवं अनुमति प्रदान करने के उद्देश्य से गठित इस बोर्ड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री हैं जबकि उद्योग मंत्री इसके उपाध्यक्ष हैं।

### इन प्रस्तावों को दी मंजूरी:-

- कमलेश मेटाकास्ट प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना: 1.65 एमटीपीए क्लिंकर, 2.2 एमटीपीए सीमेंट एवं 35 मेगावॉट कैप्टिव सोलर संयंत्र। निवेश राशि: 1715 करोड़ रुपए। रोजगार 825 व्यक्तियों को। स्थान: सिरोही जिले के पिंडवाडा में।
- हिन्दुस्तान जिंक फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना: 0.51 एमटीपीए फर्टिलाइजर कॉम्प्लेक्स (डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) एवं एनपीके (छच्ज़) फर्टिलाइजर्स)। निवेश राशि: 1655 करोड़ रुपए। रोजगार 820 व्यक्तियों को। स्थान: चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार में।
- वारी एनर्जीज लिमिटेड की परियोजना: इन्गट, वेफर, सोलर सैल एवं सोलर मॉड्यूल्स (12 गीगावॉट क्षमता दो चरणों में)। निवेश राशि: 15,750 करोड़ रुपए। रोजगार 3800 व्यक्तियों को। स्थान: जोधपुर जिले के कांकाणी औद्योगिक क्षेत्र में।
- जेएसडब्ल्यू रिन्यूऐबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की परियोजना: इन्गट, वेफर, सोलर सैल एवं सोलर मॉड्यूल्स (1 गीगावॉट क्षमता)। निवेश राशि: 1674 करोड़ रुपए। रोजगार 1880 व्यक्तियों को। स्थान: बाड़मेर में।
- बैक्सी ग्रुप की परियोजना: ऑटो कॉम्पोनेन्ट्स। निवेश राशि: 1005 करोड़ रुपए। रोजगार 2000 व्यक्तियों को। स्थान: भिवाड़ी एवं नीमराणा औद्योगिक क्षेत्र में।
- कन्धारी ग्लोबल बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना: कोका-कोला ब्राण्ड के जूस, डेयरी उत्पादों हेतु एक इन्टीग्रेटेड अल्ट्रा मेगा फैसिलिटी। निवेश राशि: 1010 करोड़ रुपए। रोजगार 805 व्यक्तियों को। स्थान: बूंदी जिले में।
- श्री सीमेंट लिमिटेड की परियोजना: 3 एमटीपीए क्लिंकर, 4.4 एमटीपीए सीमेंट प्लांट की एकीकृत परियोजना। निवेश राशि: 1872 करोड़ रुपए। रोजगार 500 व्यक्तियों को। स्थान: ब्यावर जिले के जैतारण में।

